

महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**
जो व्यक्ति अपनी निंदा सुन लेने के बाद भी शांत है वह सारे जगत पर विजय प्राप्त कर लेता है

वर्ष : 16 अंक : 231 | उज्जैन, शनिवार 31 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए


**न्यूज ब्रीफ**

## राशन की दुकान में बवाल: निरीक्षण करने गई पूर्ति निरीक्षक और डीलर के बीच हुई हाथापाई



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** राशन की दुकान के निरीक्षण के दौरान राशन विक्रेता द्वारा पूर्ति निरीक्षक के साथ अभद्रता और हाथापाई के मामले में पूर्ति निरीक्षक ने महिला राशन विक्रेता के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। वहीं राशन विक्रेता के खिलाफ चल रही अनियमितताओं की जांच के बाद मामले में जांच रिपोर्ट के साथ दुकान के निलंबन की संस्तुति भी जिलाधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को की गई है। गौरतलब है कि मिर्जापुर सादात गांव की राशन की दुकान से नगर के लक्सर वार्ड, बसेड़ी और सेठपुर गांव की दुकानें भी अटैच हैं। विगत दिसंबर माह में ग्रामीणों की ओर से मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, तहसील दिवस, जिलाधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को दुकान पर राशन वितरण में धांधली की शिकायत की गई थी। शिकायतों पर उच्चाधिकारियों ने मामले में जांच के आदेश दिए थे। पूर्ति निरीक्षक बबीता कटारिया ने बताया कि दिसंबर माह में वह दुकान पर जांच के लिए गई थीं। इस दौरान दुकान बंद मिली थी। मौके पर 20 शिकायकर्ताओं के बयान दर्ज किए गए थे। शिकायतकर्ताओं के बयान में राशन विक्रेता द्वारा कम राशन दिए जाने, नमक और दाल के निर्धारित से अधिक दाम वसूलने, केवाईसी के लिए 10 रुपये शुल्क लेने सहित कई गड़बड़ी सामने आई थी। मामले में जांच रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी और जिलापूर्ति अधिकारी को भेजी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर दुकान के निलंबन की संस्तुति की गई है। वहीं गुरुवार को इसी दुकान पर राशन विक्रेता और पूर्ति निरीक्षक के बीच हाथापाई हो गई थी। मामले में पूर्ति निरीक्षक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को एक कार्डधारक से फोन पर शिकायत मिलने पर वह दुकान के निरीक्षण के लिए पहुंची थी।

## पोती की मौत से अवसाद के शिकार डॉग स्क्वॉयड के कांस्टेबल ने लगाई फांसी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** पश्चिमी जिले में तैनात दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल ने अपने बैरक में ही आत्महत्या कर ली है। शुक्रवार सुबह पश्चिमी दिल्ली के स्वान दस्ता में तैनात कांस्टेबल इंदर सिंह जनकपुरी थाने के समीप स्थित अपने बैरक में फंदे से लटके हुए पाए गए। बताया जा रहा है कि वह अपनी पोती की मौत के बाद से पिछले डेढ़ साल से गहरे मानसिक अवसाद से गुजर रहे थे।

पुलिस अधिकारी के अनुसार, मूलतः हरियाणा के भिवानी निवासी इंदर सिंह पश्चिमी जिले के स्वान दस्ते में अपनी सेवाएं दे रहे थे। शुक्रवार सुबह जब उनके सहयोगी बैरक में पहुंचे, तो उन्हें इंदर सिंह का शव पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। जांच में पता चला कि डेढ़ साल पहले उनकी पोती की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इस घटना ने उन्हें भीतर तक तोड़ दिया था। वह अपनी पोती से बेहद लगाव रखते थे। पश्चिमी जिला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीडीयू अस्पताल भेज दिया है। उनके सहकर्मियों व परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं ताकि आत्महत्या के पीछे की परिस्थितियों का बारीकी से पता लगाया जा सके।

# मध्यप्रदेश ऐसे विकास पथ पर, जहां नीति, पूंजी और मानव संसाधन मिलकर कर रहे काम : मुख्यमंत्री

### औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में नहीं रखेंगे कोई कसर



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार का मूल दायित्व जनकल्याण के साथ ऐसी विकास नीतियां तैयार करना है, जिनका अधिकतम लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मध्यप्रदेश में अधिकाधिक युवाओं को रोजगार प्रदान करने वाले उद्योगों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार और औद्योगिक संगठनो के सहयोग से मध्यप्रदेश आज एक ऐसे विकास पथ पर बढ़ रहा है, जहां नीति, पूंजी और मानव संसाधन - तीनों एक ही दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं। मध्यप्रदेश निवेश आकर्षित करने के मामले में आज देश में तीसरे स्थान पर है। यहां किए गए औद्योगिक नवाचार देश के दूसरे राज्यों के लिए मॉडल बन रहे हैं। सबके सहयोग से आने वाले वर्षों में हमारा मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में अग्रणी राज्य बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार की शाम भोपाल में निजी मीडिया समूह के संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है। इस वर्ष कृषि-आधारित उद्योगों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। किसानों को आधुनिक समय की मांग के अनुरूप खाद्य प्रसंस्करण से जोड़कर उनके उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार मूल्य बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में मीडिया समूह के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत-अभिनंदन किया गया। समूह द्वारा मुख्यमंत्री को टाइम्स ऑफ इंडिया न्यूज पेपर के 25 मार्च 1965 को प्रकाशित अंक भेंट कर सम्मानित किया गया। यह तारीख मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जन्म तिथि है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि के साथ ही प्रदेश का औद्योगिक विकास भी सरकार की प्राथमिकता है। नये उद्योगों की स्थापना से जहां प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है, वहीं युवाओं को रोजगार मिलने से घर की आर्थिक स्थिति भी सुधरती है। यही हमारा लक्ष्य है और इसे हासिल करने के लिए हम प्राण-प्रण से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों को स्थापना को सरल बनाने के लिए हमने 18 नई औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस को कार्य व्यवहार में शामिल किया गया है। हमारी कोशिश है कि सरकार खुद हर कदम पर निवेशकों के साथ खड़ी दिखाई दे। कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए हम ऐसे निवेशकों को 50 प्रतिशत तक सब्सिडी देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'द इकोनॉमिक टाइम्स चेंजमेकर्स ऑफ मध्यप्रदेश 2.0' कार्यक्रम में सहभागिता की और प्रतिष्ठान द्वारा प्रकाशित एक %कॉफी टेबल बुक% का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों, औद्योगिक संगठनों सहित 15 नव उद्यमियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्मानित उद्योगपतियों ने न केवल मध्यप्रदेश में निवेश किया है, बल्कि यहां के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोले हैं। शिक्षा और चिकित्सा जैसे रोजगारपरक क्षेत्रों में इनका योगदान प्रदेश के भविष्य को सुरक्षित और सुदृढ़ बना रहा है। समाज के ऐसे चेंजमेकर्स ही मध्यप्रदेश 2.0 की वास्तविक पहचान हैं।

इन उद्योगपतियों का हुआ सम्मान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साहिल ग्रुप के श्री विपिन कंधारी, नाना भाई ज्वेलर्स के श्री केतन सोनी, प्रेस्टीज ग्रुप के डॉ. दाविश जैन, अमलतास इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के श्री मयंक भदौरिया, मालवांचल यूनिवर्सिटी की डॉ. दीप्ती हाडा, मिलेनियम इंफ्रा के श्री अरूण मिश्रा, सार्थक सिंगापुर के श्री राधेश्याम गुप्ता, गरिमा ग्रुप ऑफ स्कूल के श्री संतोष बागोरा, आईएसबीए इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के श्री राजन मित्तल, सैफायर वेंचर्स के श्री अब्दुल ताहिर, लजीज हकीम के श्री मोहम्मद हुसैन, सागर ग्रुप के श्री सुधीर अग्रवाल, गेस्ट्रोकेयर के श्री संजय कुमार, शालिगराम डेवलपर्स के श्री देवेन्द्र चौकसे तथा कृष्णा होम्स के श्री मयंक कपूर को चेंजमेकर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## इनकम टैक्स रेड के बीच रियल एस्टेट कारोबारी सीजे रॉय ने की आत्महत्या, कर चुके हैं कई फिल्मों को प्रोड्यूस



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** बेंगलुरु से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। बड़े रियल एस्टेट कारोबारी और कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन सीजे रॉय ने शुक्रवार को अपने ऑफिस में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह 5 साल के थे। यह घटना ऐसे समय पर हुई, जब उनके ठिकानों पर इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी चल रही थी।

पुलिस के मुताबिक, सीजे रॉय ने बेंगलुरु के अशोक नगर इलाके में स्थित अपने ऑफिस में सिर में गोली मारी। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 2-3 दिनों से इनकम टैक्स की टीम उनके परिसर की जांच कर रही थी। फिलहाल यह मामला खुद को गोली मारने का है। परिवार के सदस्य इस समय भारत से बाहर हैं और पुलिस उनसे संपर्क में है।

इनकम टैक्स रेड- गुरुवार सुबह इनकम टैक्स विभाग ने सीजे रॉय से जुड़ी कंपनियों पर छापेमारी की थी। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान यह सामने आया कि उनके पास उनकी घोषित आय से ज्यादा संपत्ति हो सकती है। बताया जा रहा है कि बार-बार हो रही टैक्स जांच के कारण सीजे रॉय मानसिक तनाव में थे। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की पूरी वजह की जांच अभी जारी है।

कौन थे सीजे रॉय- सीजे रॉय मूल रूप से केरल के कोच्चि के रहने वाले थे। उनकी कंपनी Confident Group का दक्षिण भारत में बड़ा कारोबार है, खासतौर पर केरल और कर्नाटक में। रियल एस्टेट के अलावा, सीजे रॉय फिल्म प्रोडक्शन से भी जुड़े रहे।

## बठिंडा नगर निगम के रिकॉर्ड रूम में लगी भीषण आग, महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक



**बठिंडा/ जीएनएस।** बठिंडा नगर निगम के दफ्तर में शुक्रवार देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब निगम कार्यालय के रिकॉर्ड रूम में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते रिकॉर्ड रूम में रखा महत्वपूर्ण दस्तावेजों का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया। निगम की दूसरी मंजिल पर आग फैलने से फायर ब्रिगेड के कर्मियों को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर शाम निगम दफ्तर से धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की कुल तीन गाड़ियों को लगाया गया।

## मंगल पर बस्ती का सपना... शुभांशु शुक्ला ने हासिल किया नया कीर्तिमान



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक नया कीर्तिमान हासिल किया है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंचने वाले पहले भारतीय गगनयात्री होने के साथ-साथ, उन्होंने अब वैज्ञानिक जगत में भी अपनी पहचान बनाई है।

शुभांशु शुक्ला पहला पीयर-रिव्यूड रिसर्च पेपर अमेरिकी जर्नल पीएलओएस वन में प्रकाशित हुआ है। यह रिसर्च आईएसएस पर नहीं, बल्कि बेंगलुरु के भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) की मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रयोगशाला में किया गया।

यह स्टडी एक रोचक सवाल पर टिकी हुई है कि क्या बैक्टीरिया मंगल ग्रह की विषैली मिट्टी में भी मनुष्यों को संरचनाएं बनाने में मदद कर सकते हैं?

मंगल पर मानव बस्ती का सपना- वैज्ञानिक लंबे समय से मंगल को पृथ्वी के सबसे करीब रहने योग्य ग्रह मानते हैं।

वहां स्थायी मानव चौकी स्थापित करने का सपना देखते हैं। अगर ऐसा हुआ, तो पृथ्वी से निर्माण सामग्री ले जाना असंभव होगा।

शुक्ल के अनुसार, आइडिया यह है कि जो पहले से मौजूद है, उसी का इस्तेमाल किया जाए।

## रेगिस्तानी धूल के साथ हिमालय पहुंच रहे बैक्टीरिया, सेहत पर बढ़ा खतरा; स्टडी में बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** हिमालय की हवा को हमेशा से साफ और सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता रहा है। लेकिन वैज्ञानिकों की एक नई स्टडी ने इस सोच को झटका दिया है। रिसर्च में सामने आया है कि पश्चिमी भारत के रेगिस्तानी इलाकों से उठने वाली धूल भरी आंधियां अब हिमालय तक पहुंच रही हैं और अपने साथ खतरनाक बैक्टीरिया भी ला रही हैं।

वैज्ञानिकों के मुताबिक, पश्चिमी भारत के रेगिस्तानी इलाकों से उठने वाली धूल सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय कर पूर्वी हिमालय की पहाड़ियों तक पहुंच रही है। इन धूल कणों के साथ हवा में मौजूद बैक्टीरिया भी हिमालय तक पहुंच रहे हैं।

ये ऐसे सूक्ष्म जीव हैं जो सांस और त्वचा से जुड़ी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। स्टडी में यह भी पाया गया कि ये बैक्टीरिया प्रदूषित मैदानी इलाकों से गुजरते हुए और ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं।

## बेंगलुरु में पालतू कुत्ते ने किया महिला पर हमला, नोंच खाई गर्दन; लगे 50 टांके



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** बेंगलुरु में एक महिला मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली, इस बीच पड़ोसी के पालतू कुत्ते ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। उसने महिला के चहरे, गर्दन और पैरों पर काट खाया। इतना ही नहीं महिला को बचाने आए व्यक्ति पर भी कुत्ते ने हमला कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस हमले में महिला बुरी तरह से घायल हो गई, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, महिला की हालत बेहद गंभीर थी। उसके चेहरे और गर्दन पर लगभग 50 टांके आए।

घटना 26 जनवरी को सुबह लगभग 6ः54 बजे की है, जब एचएसआर लेआउट की टीचर्स कॉलोनी में महिला सुबह की सैर पर निकली थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुत्ते ने बिना किसी उकसावे के हमला किया और महिला की गर्दन पर काट लिया। जब एक आदमी उसे बचाने के लिए दौड़ा तो कुत्ते ने उस पर भी हमला कर दिया।

फुटेज में दिख रहा है कि आदमी कुत्ते को गर्दन से पकड़कर पीड़ित से दूर खींच रहा है। जब आदमी जानवर से जूझ रहा था तो महिला किसी तरह उठकर घर के अंदर चली गई और अपने पीछे गेट बंद कर लिया। पीड़िता के चेहरे, हाथों और पैरों में चोटें आई हैं और फिलहाल उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## मास्टरस्ट्रोक साबित हुई EU-India ट्रेड डील, दुनिया की नजर में रणनीतिक विजेता बनाकर उभरा भारत



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जिस तरह से मदर आफ आल ट्रेड डील्स की संज्ञा दी गई, उस पर अब दुनिया मुहर लगा रही है।

इस व्यापारिक समझौते की सराहना अंतरराष्ट्रीय मीडिया, वैश्विक नेताओं और विशेषज्ञों ने मुक्त कंठ से करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत को रणनीतिक विजेता भी करार दिया है। इसे आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों ही दृष्टि से ऐतिहासिक, रणनीतिक और समय के लिहाज से उचित बताया है।

मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील को दुनिया ने सराहा

ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ में जेम्स क्रिस्प के लेख का शीर्षक है- यूरोपीय संघ के साथ मदर आफ आल ट्रेड डील्स में मोदी असली विजेता हैं। तर्क दिया कि भारत असली रणनीतिक विजेता बनकर उभरा है।

डैन स्ट्रंपफ के ट्रंप से बचाव के लिए दुनिया के सभी रास्ते मोदी की ओर शीर्षक वाले लेख में ब्लूमबर्ग ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच संपन्न हुआ यह सबसे बड़ा समझौता एक उभरते हुए रुझान का नया उदाहरण है।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भारत को रणनीतिक विजेता घोषित किया- नई दिल्ली देशों के लिए भरोसेमंद साझेदार के रूप में उभर रही है। इसी तरह वाल स्ट्रीट जर्नल, न्यूयार्क टाइम्स, वाशिंगटन पोस्ट, द गार्जियन और बीबीसी ने अपने-अपने शब्दों में इस समझौते का महत्व बताया है।

इतना ही नहीं, फॉक्स न्यूज पर पाकिस्तानी पत्रकार कमर चीमा ने तो कहा है कि इस समझौते से भारत को लाभ होगा, क्योंकि कई प्रमुख क्षेत्रों में टैरिफ शून्य हो जाएंगे। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देश अब यूरोपीय बाजार में भारत से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे।

इसी तरह विदेशी नेताओं में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब, स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन, आस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टाकर, डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन, फ्रांस के विदेश व्यापार एवं आर्थिक मामलों के मंत्री निकोलस फोरिसियर, यूरोपीय संसद के सदस्य सैंड्रो गोजी आदि ने भू-राजनीतिक और कूटनीतिक दृष्टिकोण से इस समझौते को महत्वपूर्ण बताया।



# स्वबोध से भारत बनेगा सोने का शेर : राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** तीन दिवसीय नर्मदा साहित्य मंथन का उद्घाटन केरल के राज्यपाल श्री राजेंद्र आर्लेकर ने करते हुए कहा कि भारत का वास्तविक उत्थान स्वबोध से ही संभव है और भारत को ÷सोने की चिड़िया÷ नहीं बल्कि ÷सोने का शेर÷ बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब भारत को सोने की चिड़िया कहा गया, तब-तब लूट और आक्रमण हुए। इसलिए आज आवश्यकता है कि भारत आत्मनिर्भर, सशक्त और जागरूक राष्ट्र के रूप में खड़ा हो।

राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद हम अपने 'स्व' के बोध को धीरे-धीरे भूलते चले गए। विकास और पुनर्वैभव की बातें तो होती रहीं, लेकिन उसके लिए स्पष्ट मार्गदर्शन का अभाव रहा। भारत का उदय तभी संभव है जब हम अपने मन में आने वाले विचारों का मंथन करें और अपनी जड़ों से जुड़ें। आज़ादी के बाद पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा था, लेकिन हमारी तत्कालीन नीतियां कभी समाजवाद तो कभी पूंजीवाद के बीच भटकती रहीं, जिससे नागरिकों के मन से स्वबोध समाप्त होता चला गया।

उन्होंने शिक्षा नीति पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमने अपनी शिक्षा व्यवस्था को अपने उज्ज्वल अतीत और सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप नहीं ढाला। इसका परिणाम यह हुआ कि हम स्वदेश, स्वभाषा, स्वसंस्कृति, स्वइतिहास और स्वपरंपरा से दूर होते चले गए और विदेशी परंपराओं को अपनाने लगे। राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि विकसित भारत की कल्पना केवल आर्थिक मापदंडों से पूरी नहीं हो सकती, बल्कि इसके लिए समग्र विकास की आवश्यकता है।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि विकसित भारत के निर्माण में हर व्यक्ति स्वदेशी को अपनाकर अपना योगदान दे। यह सुनिश्चित करना होगा कि हम जिन वस्तुओं का उपयोग कर रहे हैं, वे अधिक से अधिक स्वदेशी हों, तभी आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का सपना साकार होगा।

इस अवसर पर हनुमत पीठ अयोध्या के पीठाधीश आचार्य श्री मिथलेश शरण नंदिनी महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र संघचालक श्री डॉ. पूर्णेन्द्र सक्सेना, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु श्री डॉ. राकेश सिंघाई, विश्व समाज केंद्र मालवा के अध्यक्ष श्री दिनेश गुप्ता तथा नर्मदा साहित्य मंथन के संयोजक श्री

## इंदौर पुलिस ने होटल रेडिसन में मॉक ड्रिल कर परखी सुरक्षा व्यवस्था



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा लगातार महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा जांच और निरीक्षण किया जा रहा है। शहर में होने वाले विभिन्न आयोजनों तथा संभावित आपातकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देशन में पुलिस, प्रशासन और संस्थानों की तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) श्री राजेश व्यास एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) श्री प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा और बीडीडीएस टीम द्वारा होटल रेडिशन इंदौर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी आपातकालीन स्थिति, विशेषकर लावारिस या विस्फोटक सामग्री वाली संदिग्ध वस्तु मिलने की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना था। ड्रिल के दौरान बीडीडीएस प्रभारी श्री खालिद मुश्ताक एवं थाना प्रभारी विजय नगर श्री चंद्रकांत पटेल के निर्देशन में विजय नगर पुलिस, बीडीडीएस टीम और होटल रेडिशन के सुरक्षा स्टाफ ने संयुक्त रूप से अभ्यास किया। इसमें बताया गया कि ऐसी स्थिति में किस प्रकार सुरक्षा घेरा बनाया जाए, आम जनता को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए और संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर स्थिति को नियंत्रण में लिया जाए। मॉक ड्रिल के पश्चात पुलिस अधिकारियों ने होटल के स्टाफ से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के अभ्यास से न केवल पुलिस बल्कि संस्थानों और उनके कर्मचारियों की सजगता भी बढ़ती है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

## गत वर्ष प्रदेश भर में हुए कुल 350 अंगदान में से 195 अंगदान केवल इंदौर में

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सांसद श्री शंकर लालवानी की अध्यक्षता में इंदौर सोसायटी फॉर आर्गन डोनेशन की जनरल बॉडी की बैठक एमजीएम मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। बैठक में सांसद श्री लालवानी ने इंदौर सोसायटी फॉर आर्गन डोनेशन द्वारा किये जा रहे कार्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की और सभी सदस्यों का परिचय लिया। बैठक में बताया गया कि अंगदान में इंदौर प्रदेश में सबसे आगे है। गत वर्ष प्रदेश भर में कुल 350 अंगदान हुए, जिसमें से 195 अंगदान केवल इंदौर में हुए। उन्होंने कहा कि अंगदान के लिये विभिन्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, नर्सिंग कॉलेज एवं समुदाय में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जाये, ताकि समाज को अंगदान के बारे में जानकारी मिल सके। साथ ही काउंसलर को प्रशिक्षित किया जाये। अंगदान अभियान में समाज के अन्य वर्गों को भी शामिल किया जाये। बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल सहित महाराज यशवंतराव हॉस्पीटल में अंगदान के लिये बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाये। साथ ही त्वचा बैंक को और बेहतर बनाया जाये। उन्होंने कहा कि इंदौर सोसायटी फॉर आर्गन डोनेशन की बैठक हर माह आयोजित किया जाये। अंगदान करने वाले परिवारों को समाज में विशेष महत्व दिया जाये।

# हेलमेट को लेकर सख्त हुई इंदौर पुलिस, जागरूकता के साथ की गई प्रभावी कार्रवाई



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में यातायात को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (यातायात/जोन-4) श्री आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस लगातार जागरूकता कार्यक्रमों के साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रही है।

सड़क दुर्घटनाओं में सिर की गंभीर चोटों से होने वाली मौतों को रोकने और नागरिकों में हेलमेट के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर के प्रमुख चौराहों जैसे पलासिया, विजयनगर, महूनाका, चाणक्यपुरी, राजीव गांधी सर्कल सहित अन्य स्थानों पर एक ओर जहां नियम तोड़ने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर अनाउंसमेंट के माध्यम से उन्हें यह भी समझाया जा रहा है कि यह कार्रवाई उनकी स्वयं की सुरक्षा के लिए है।

यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता रैलियों, यातायात रथ और डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबंधित वीडियो दिखाकर आमजन को नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस का उद्देश्य दंड के साथ-साथ लोगों को यह समझाना है कि हेलमेट पहनना केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का महत्वपूर्ण साधन है।

दिनांक 29 जनवरी को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में कुल 2843 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई, जबकि विभिन्न धाराओं में कुल 3039 वाहनों पर कार्रवाई की गई।

इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए हमेशा हेलमेट का उपयोग करें और यातायात नियमों का जिम्मेदारीपूर्वक पालन करें, क्योंकि सड़क पर सुरक्षा ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी और प्राथमिकता है।

# क्राइम ब्रांच इंदौर की कार्रवाई, युवती को परेशान करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा महिला संबंधी अपराधों एवं अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर को बड़ी सफलता मिली है। युवती और उसके परिवार को लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जो आपत्तिजनक फोटो और धमकी भरे पत्रों के माध्यम से सामाजिक छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जुलाई 2025 में फरियादिया ने थाना बाणगंगा इंदौर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसके रिश्तेदारों और पड़ोसियों के घरों के आसपास डाक के माध्यम से आपत्तिजनक पत्र और फरियादिया व उसकी बहनों के मार्फ किए गए न्यूड फोटो वाले पोस्टर भेज रहा है। इन कृत्यों से फरियादिया और उसके परिवार को गंभीर मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही थी। इस पर थाना बाणगंगा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 351(4), 79 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने अज्ञात आरोपी की शीघ्र पतारसी के निर्देश दिए। इसके पश्चात पुलिस उपायुक्त अपराध श्री राजेश त्रिपाठी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अपराध श्री राजेश दंडोतिया के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल एवं क्राइम ब्रांच की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और घटना स्थलों से प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारियों के आधार पर आरोपी की पहचान की।

जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी आयुष अग्निहोत्री निवासी वैशाली नगर इंदौर है, जो इंजीनियर होकर डाटा एनालिस्ट के रूप में कार्य करता है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने फरियादिया की बहन से जीवनसाथी डॉट कॉम और शादी डॉट कॉम जैसी मेट्रिमोनियल साइट के माध्यम से संपर्क किया था और वह उससे शादी करना चाहता था। जब परिवार द्वारा शादी से इनकार कर दिया गया, तो उसने बदले की भावना से फरियादिया और उसकी बहनों के फोटो मार्फ कर आपत्तिजनक पोस्टर तैयार किए और उन्हें मोहल्ले, रिश्तेदारों के घरों के आसपास चिपकाया तथा उज्जैन, देवास, खातेगांव, आष्टा और धार के डाकघरों के माध्यम से धमकी भरे पत्र भेजे।

आरोपी ने अपनी पहचान छुपाने के लिए चेहरे पर मास्क और टोपी का इस्तेमाल किया तथा इंदौर से अलग-अलग स्थानों के डाकघरों तक पहुंचने के लिए दो-तीन बसें बदलकर यात्रा करता था। उसने क्राइम पेट्रोल जैसे टीवी एपिसोड देखकर वारदात करने के तरीके सीखे और जुलाई 2025 से जनवरी 2026 के बीच करीब सात बार इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया।

उक्त मामले में थाना बाणगंगा इंदौर के अपराध क्रमांक 918/2025 के तहत धारा 351(4), 296, 79 बीएनएस, 67, 67(ए) आईटी एक्ट एवं 3(1)(आर), 3(1)W(ii) एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। प्रकरण में विवेचना के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## रोजगार मेला (युवा संगम) का आयोजन 2 फरवरी को

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शासन के निर्देशानुसार इन्दौर जिले में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा आगामी 02 फरवरी को रोजगार मेला (युवा संगम कार्यक्रम) का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शासकीय महाविद्यालय गुरुकुल परिसर रंगवासा रोड राऊ में प्रातः 10 बजे से 03 बजे तक सम्पन्न होगा। इस आयोजन का उद्देश्य एक ही छत के नीचे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराना है। जिला रोजगार कार्यालय के उपसंचालक श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- तिस्वा टेक्नोलॉजिज, आईसेक्ट, एसके फाईनेंस, फार्मा ग्रोथ, जस्ट डायल, ओशियन मोटर्स, मोजाईक प्रायवेट लिमिटेड, इंस्टास कनेक्ट्स, थर्ड आई सिक्यूरिटी, मेडप्लस, एसके-1 रिसोर्सेस आदि के 500 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन के ?लिए शामिल होंगी। ये कम्पनियां डिजिटल मार्केटिंग, साईट इंजीनियर, क्वालिटी इंजीनियर, रिसेपनिस्ट, एच.आर., बैक ऑफिस, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फार्मासिष्ट, सैल्स, बीपीओ, पैकेजिंग, हेल्पर, टेक्नीशियन जैसे- फिटर/टर्नर/मशीनिष्ट, वैल्डर आदि के विभिन्न पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगी।

## स्वच्छता के बाद अब इंदौर अंगदान में भी बनेगा नंबर वन बनेगा इंदौर

### सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में सामाजिक संगठनों व धर्मगुरुओं की अहम बैठक सम्पन्न



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वच्छता के बाद इंदौर अब अंगदान में भी देश में अग्रणी बनेगा। इसके लिये जल्दी ही जनजागरण और संकल्प पत्र भरवाने का अभियान प्रारंभ किया जायेगा। इस अभियान के तहत सामाजिक जनजागरूकता के साथ ही एक लाख से अधिक संकल्प पत्र भरवाये जाएंगे। इसी उद्देश्य से अभियान को सफलतापूर्वक मूर्तरूप देने के लिये चर्चा हेतु आज सांसद श्री शंकर लालवानी की अध्यक्षता में सामाजिक संगठनों एवं धर्मगुरुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अंगदान अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, श्री श्रवण चावड़ा, श्री अन्ना महाराज, डॉ. अनिल भण्डारी सहित अन्य समाजसेवी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंगदान को लेकर किए गए राष्ट्रीय आह्वान पर इंदौर हमेशा की तरह अग्रणी भूमिका निभाएगा। जिस प्रकार इंदौर ने स्वच्छता में देश को मार्ग दिखाया है, उसी प्रकार अब अंगदान में भी नया कीर्तिमान स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अंगदान के लिए ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध है, जहां नागरिक नेत्रदान, त्वचा दान एवं अंगदान की प्रतिज्ञा ले सकते हैं। इसके लिए शहरभर में एक व्यापक जन-जागरण अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान में नगर निगम, महापौर, जिला प्रशासन, सामाजिक संगठन, धर्मगुरु एवं जनप्रतिनिधि सामूहिक रूप से भागीदारी करेंगे। अभियान के तहत ऑनलाईन संकल्प पत्र भरवाये जाएंगे। खासतौर पर कॉलेजों और युवाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवा ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कर अंगदान की प्रतिज्ञा लें। सांसद श्री लालवानी ने कहा कि सामाजिक संगठनों ने संकल्प लिया है कि वे इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देंगे।

# पिग बुचरिंग स्कैम से सावधान रहने की इंदौर पुलिस की अपील, भावनात्मक जाल में फंसाकर की जाती है बड़ी ठगी




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ऑनलाइन ठगी के मामलों में लगातार नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक खतरनाक साइबर फ्रॉड पिग बुचरिंग स्कैम के रूप में सामने आया है, जिसमें ठग पहले लोगों से भावनात्मक संबंध बनाते हैं और फिर निवेश के नाम पर उनकी जमा-पूंजी हड़प लेते हैं। इस तरह के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आमजन के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है।

इस स्कैम में आरोपी सोशल मीडिया, मैसेजिंग ऐप या डेटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से संपर्क कर पहले विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव बनाते हैं। धीरे-धीरे दोस्ती या रिश्ते का रूप देने के बाद वे फर्जी निवेश योजनाओं, क्रिप्टो ट्रेडिंग या शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का लालच देते हैं। जब व्यक्ति भरोसे में आकर निवेश करता है, तो धीरे-धीरे उससे बड़ी रकम निकलवा ली जाती है और अंत में संपर्क पूरी तरह समाप्त कर दिया जाता है।

इंदौर पुलिस ने नागरिकों को सतर्क करते हुए कहा है कि किसी भी अजनबी की बातों में आकर निवेश से संबंधित सलाह पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। केवल मान्यता प्राप्त और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें तथा अपनी व्यक्तिगत, बैंक या ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी किसी के साथ साझा न करें। ऑनलाइन माध्यम से बनने वाले भावनात्मक संबंधों में विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है।

पुलिस ने अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की ठगी का शिकार होता है, तो बिना देरी किए नेशनल साइबर अपराध पोर्टल cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें या तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। समय पर की गई शिकायत से न केवल ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ती है, बल्कि ऐसे साइबर अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा सकती है।

## इंदौर में यातायात सुधार की दिशा में बड़ा कदम, दो रेलवे ब्रिज निर्माण पर समन्वय बैठक संपन्न



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर को यातायात सुविधा एवं शहरी विकास के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में इंदौर को शास्त्री ब्रिज एवं आरटीओ- केसरबाग रोड पर दो महत्वपूर्ण रेलवे ब्रिज की सौगात मिलने जा रही है। इन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय में सांसद श्री शंकर लालवानी की अध्यक्षता में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में शास्त्री ब्रिज एवं आरटीओ - केसरबाग रोड पर प्रस्तावित रेलवे ब्रिज के निर्माण कार्य, तकनीकी पहलुओं, भूमि समन्वय, यातायात प्रबंधन एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई। सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि शास्त्री ब्रिज इंदौर शहर की वर्षों पुरानी यातायात समस्या के समाधान की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। इन महत्वपूर्ण दोनों ब्रिज़ से शहरवासियों को ट्राफिक जाम से राहत मिलेगी। आवागमन सुगम होगा तथा औद्योगिक व व्यावसायिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इंदौर जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहरों के लिए आधारभूत संरचना को मजबूत करने हेतु निरंतर कार्य कर रही है।

# दोपहिया वाहन चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश, तुकोगंज पुलिस ने दो आरोपी व एक नाबालिग को किया गिरफ्तार



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में लगातार हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार वाहन चोरी में लिप्त आरोपियों की पतारसी कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में तुकोगंज थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस उपायुक्त जोन-03 श्री राजेश व्यास एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-03 श्री रामसनेही मिश्रा के मार्गदर्शन तथा सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली श्री विनोद दीक्षित के निर्देशन में थाना प्रभारी तुकोगंज श्री जितेन्द्र सिंह यादव एवं उनकी टीम ने दिनांक 29 जनवरी 2026 को कार्रवाई करते हुए दो शातिर आरोपियों और उनके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से कुल 13 चोरी की मोटर साइकिलें बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख रुपये बताई जा रही है।

कार्यवाही के दौरान थाना क्षेत्र में भ्रमण एवं संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बीमा ऑफिस परिसर में एक युवक बुलेट मोटर साइकिल पर संदिग्ध अवस्था में बैठा मिला। पूछताछ के दौरान वाहन के कागजात और नंबर प्लेट की जांच की गई, जिसमें नंबर प्लेट फर्जी पाई गई। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया।

आरोपियों ने बताया कि वे शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों जैसे विजयनगर, एम.आई.जी., एम.जी. रोड सहित अन्य क्षेत्रों से भी दोपहिया वाहन चोरी करते थे। पूछताछ में यह भी सामने आया कि गैंग के सदस्य पहले नए और महंगे वाहनों की रेकी करते थे और फिर मौका देखकर उन्हें चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद वाहन सुनसान स्थानों जैसे बीमा ऑफिस की पार्किंग, पलासिया मस्जिद के पीछे का इलाका, राजकुमार ब्रिज के नीचे तथा निगम मार्केट बल्लभनगर में खड़े किए जाते थे और बाद में एक-एक कर उन्हें ले जाया जाता था।

गिरफ्तार आरोपियों में मोहित जीनवाल उम्र 23 वर्ष निवासी पंचम की फेल इंदौर, प्रशांत मरमट उम्र 18 वर्ष निवासी पंचम की फेल इंदौर तथा एक विधि विरुद्ध बालक शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बुलेट, पल्सर, अपाचे, स्प्लेंडर, हीरो होंडा, एक्टिवा सहित कुल 13 मोटर साइकिलें बरामद की हैं, जिनमें से कई वाहनों की नंबर प्लेट नहीं थी या फर्जी पाई गई।

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी श्री जितेन्द्र सिंह यादव, उपनिरीक्षक डी.डी. भारती, उपनिरीक्षक विशाल सिंह परिहार, सहायक उपनिरीक्षक अटल बिहारी शर्मा सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए आगे की विवेचना की जा रही है।

# शहर ब्लॉक कांग्रेस ने मनरेगा, दूषित पेयजल व विभिन्न मुद्दे को लेकर किया प्रभावी धरना प्रदर्शन




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंदसौर द्वारा जिला मुख्यालय स्थित गांधी चौराहा पर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रभावी धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में मनरेगा को समाप्त करने की साजिश, मंदसौर शहर में दूषित पेयजल वितरण सहित अन्य जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।

शहीद दिवस के अवसर पर कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात धरना स्थल पर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर धरने की विधिवत शुरुआत की गई।

धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीब, मजदूर और किसानों के अधिकारों पर लगातार हमला कर रही है। मनरेगा जैसी ऐतिहासिक योजना को समाप्त करने का प्रयास देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों की आजीविका छीनने के समान है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी और सड़क से लेकर संसद तक यह लड़ाई कांग्रेस पार्टी जारी रखेगी। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि मंदसौर शहर के कई क्षेत्रों में जनता को दूषित पेयजल वितरण हो रहा है, जिससे आमजन का स्वास्थ्य खतरे में है नगर पालिका को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। आरोप लगाया कि सरकार ने जनसमस्याओं से मुंह मोड़कर केवल सरकार घोषणाओं में व्यस्त है। कांग्रेस जनता की आवाज बनकर सड़कों पर संघर्ष करती रहेगी। धरने के प्रभारी भोपाल सिंह सोलंकी ने कहा कि यह आंदोलन जनता के हक और अधिकारों की लड़ाई है। जब तक सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीर नहीं होगी, कांग्रेस का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। धरना कार्यक्रम के उपरांत ज्ञापन का वाचन शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री इष्टा भाचावत ने कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया, मनजीत सिंह टुटेजा, जिला कांग्रेस पदाधिकारी सर्वश्री कांतिलाल राठौर, तरुण खींची, अजय लोढ़ा, राजनारायण लाड़, आसिफ शिफा, मुस्तफा कपाड़िया, साबिर इलेक्ट्रीशियन, बलवंत सिंह चौहान, कमलेश जेन, विश्वास दुबे, सुनील पामेचा, संजय नाहर, अनूप जोशी, संदीप सलोद, अनीस मंसूरी महिलाओं में रफत पयामी, राखी सत्रावाला, अनीता कोरी, लक्ष्मी रैकवार, अनीता भदोरिया, नम्रता सत्रावाला आदि उपस्थित रहे। संचालन युवक कांग्रेस शहर ब्लॉक अध्यक्ष सम्यक जैन ने किया। आभार मंडलम अध्यक्ष अजय मारू ने माना।

# नीमच सिंगोली सड़क का निर्माण उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप हो - श्री चंद्रा

## कलेक्टर ने किया नीमच, सिंगोली सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच सिंगोली 85 कि.मी.लंबी सड़क निर्माण का कार्य डी.पी.आर.में निर्धारित मानको के अनुरूप उच्च गुणवत्तापूर्ण हो। एम.पी.आर.डी.सी. एवं संबंधित ऐजेंसी निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझोता ना करें। निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण हो, इसका विशेष ध्यान रखे। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को नीमच से सिंगोली तक 85 कि.मी.की सड़क के निर्माण कार्य के निरीक्षण दौरान एम.पी.आर.सी.के अधिकारियों को दिए। इस निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण श्री अमित नार्गेश, एम.पी.आर.डी.सी.के सहायक प्रबंधक श्री राहुल बरडे, एसडीएम श्रीमती प्रीती संघवी, तहसीलदार श्री नवीन गर्ग व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने नीमच से जनकपुर तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होने मालखेड़ा से आगे निर्माणाधीन सड़क पर बिछाई गई मुरम व गिट्टी की लेयर के सेम्पल लेकर जांच करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़क निर्माण के दौरान प्रत्येक लेयर बिछाने के बाद कम्प्रेशन करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होने सेमली चंद्रावत में सड़क के दोनो ओर नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और पुलियाओं के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने सरवानिया महाराज के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे रोड रोलर से सड़क की रोलिग के कार्य का भी अवलोकन किया तथा सरवानिया महाराज- मोरवन के बीच में निर्माणाधीन पुलिया के कार्य को भी देखा।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने क्रियान्वयन ऐजेंसी द्वारा जनकपुर के आगे नीमच, सिंगोली मार्ग पर स्थापित किए गऐ प्लाट और मटेरियल की गुणवत्ता जाचं लेब का निरीक्षण कर सड़क निर्माण में प्रयुक्त की जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जाचं के बारे में जानकारी ली।

# अपहृत बालिका को दस्तियाब कर संरक्षण देने वाले पति-पत्नि सहित चार को बनाया आरोपी

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुवासरा थाना निरीक्षक अनिल रघुवंशी एवं उनकी टीम ने आपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही कर दिनांक 24 नवंबर 2025 से अपहृत बालिका को किया दस्तयाब व आरोपी को संरक्षण देने वाले पति-पत्नि को भी आरोपी बनाया है।

घटना अनुसार 25 नवम्बर 2025 को सूचनाकर्ता ने अपनी नाबालिग भाणेज उम्र 17 साल 06 माह के अपहृत हो जाने संबंधी रिपोर्ट थाने पर की थी। जिस पर से थाना सुवासरा पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में गठित टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही कर विश्वसनीय मूखबीर तंत्र की मदद से अपहृता को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। अपहृता के कथन पश्चात वीरमदास उर्फ दिपक पिता दिनेश बैरागी उम्र 23 साल निवासी डाक बंगला रोड़ शांति विहार कॉलोनी पिपलिया मंडी, रोहित पिता गणेश मेहर उम्र 20 साल निवासी सुवासरा एवं मनीष उर्फ लल्लू पिता राजू राव मराठा उम्र 33 साल निवासी रेल्वे स्टेशन मन्दसौर हा. मु. बसेर कालोनी मन्दसौर को तथा अपराध में आरोपी रोहित को संरक्षण देने वाले व्यक्ति पुष्कर उर्फ सोनू पिता दूर्गामल सिरोठा जाति कुमावत उम्र 30 साल निवासी नरसिहपुरा मन्दसौर , खुशी उर्फ मालती उर्फ महिमा पति पुष्कर उर्फ सोनू सिरोठा जाति कुमावत उम्र 23 साल निवासी नरसिंह पुरा मन्दसौर को भी आरोपी बनाया गया। सभी को न्यायालय में पेश किया, जहाँ से जैल वारंट जारी होने से जिला जैल मन्दसौर मे निरूद्ध किया गया। इस सराहनीय कार्य में निरीक्षक अनिल रघुवंशी थाना प्रभारी सुवासरा . सउनि नरेन्द्र मकवाना , सउनि शिवदत्त यादव, सउनि (चालक) अशोक उईके, प्रआर सुरेन्द्र चौधरी, आऱक्षक अनिल यादव, आऱक्षक अभिषेक वशिष्ट व महिला आऱक्षक रेखा आर्य का विशेष योगदान रहा।

# जावरा नयागांव फोरलेन के शोल्डर पर से अवैध दुकानों को हटाए-श्री चंद्रा




**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जावरा, नयागांव फोरलेन के सोल्डर पर अवैध रूप से लगाई गई दुकानों, गुमटियों की प्रभावी कार्यवाही कर हटवाए। सभी शासकीय सेवक कर्तव्य स्थल पर व अन्य स्थानों पर हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। सीट बेल्ट लगाए, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग ना करें। इसके लिए पुलिस नाके लगाकर प्रतिदिन चेकिंग करें और आवश्यकतानुसार चालानी कार्यवाही करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में एस.पी.श्री अंकित जायसवाल, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, यातायात थाना प्रभारी सुश्री सोनी बडगुर्जर, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अमित नार्गेश, एम.पी.आर.डी.सी.के सहायक प्रबंधक श्री राहुल बरडे, म.प्र.ग्रामीण सड़क के प्रबंधक श्री गजेन्द्र लारिया एवं समिति के सदस्यगण भी उपस्थित थे।

लोक निर्माण कार्यपालन यंत्री श्री अमित नार्गेश ने उक्त जानकारी देते हुए बताया, कि बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पीयूसी मशीन चेक करने एवं सही तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा, कि यातायात पुलिस एवं आरटीओ संयुक्त रूप से ओवरलोडिंग एवं पीयूसी जांच कर चालानी कार्रवाई करें। सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी कर्तव्य स्थल एवं अन्य स्थानों पर हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। यातायात पुलिस को हेलमेट, सीट बेल्ट एवं ड्राइव करते समय मोबाइल फोन के उपयोग पर पाबंदी हेतु पुलिस नाके लगाने एवं प्रतिदिन चेकिंग कर चालानी कार्यवाही करने तथा सभी निर्माण एजेंसियों को मुख्य मार्गो पर इंटरसेक्शन पर रम्बल स्ट्रिप लगाने, स्पीड ब्रेकर्स पर बोर्ड एवं मार्किंग करवाने, मार्गो पर झाड़ी की सफाई करवाने के निर्देश दिए गये। बैठक में एम.पी.आर.डी.सी.को निर्देश दिए गए, कि सगराना घाटी एवं नयागांव के बीच मीडियन प्लांटेशन करें। पेट्रोलिंग वाहन जावरा नयागांव फोरलेन मार्ग पर शोल्डर पर अवैध दुकानों को हटाये एवं खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई करें।

# पूर्व विधायक बाबूजी ने किया था पशुपतिनाथजी प्रतिमा का संरक्षण...

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरूवार को नगर के पशुपतिनाथजी मंदिर परिसर में बने पशुपतिनाथ लोक के लोकार्पण के दौरान माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव को अग्रवाल परिवार ने पशुपतिनाथजी प्रतिमा के इतिहास की पुस्तक भेंट की एवं संक्षिप्त चर्चा की।

अग्रवाल परिवार की आशा देवी अग्रवाल, विश्व मोहन अग्रवाल, रवि अग्रवाल ने मुख्यमंत्री यादव को पशुपतिनाथजी प्रतिमा के इतिहास की पुस्तक भेंट करते हुए चर्चा के दौरान बताया कि किस प्रकार उनके दादाजी बाबूजी श्री शिवदर्शन लाल अग्रवाल जो कि मंदसौर से विधायक भी रहे है, जिन्होंने प्रतिमा का संरक्षण किया और प्रशासन से विधिवत अनुमति प्राप्त कर प्रतिमा को पुरातत्व संग्रहालय में जाने से रोका एवं अपने खेत पर नीम के पेड़ के नीचे 21 वर्षो तक संरक्षण कर बाद में प्रतिमा विधि विधान के साथ स्थापना करवाई। अग्रवाल परिवार ने मुख्यमंत्री को बताया कि पूर्व विधायक श्री अग्रवाल के प्रयासों से प्रत्यक्षानंद जी महाराज ने प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करवाई थी। उन्होने बताया कि सर्वप्रथम प्रतिमा के दर्शन उदाजी धोबी को हुए जिसकी सूचना उदाजी ने बाबूजी शिवदर्शन लाल को दी। बाबूजी ने अपने साथियों के साथ प्रतिमा को देखा तथा बाबूजी शिवदर्शन लाल अग्रवाल (पूर्व विधायक) ने अपने साथियों के साथ प्रतिमा को शिवना नदी से निकलवा कर अपने खेत में रखवाया तथा 21 वर्षो (19 जून 1940 से 27 नवंबर1961) तक प्रतिमा का संरक्षण किया। सन् 1961 में मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी पूज्यपाद स्वामी श्री प्रत्यक्षानंद जी महाराज के कर कमलो द्वारा भगवान पशुपतिनाथजी महादेव का नामकरण एवं स्थापना की गई।

# 30 वर्षो बाद सेठिया परिवारों का संगम, 3 हजार सेठिया परिवार होंगे सम्मिलित



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 30 वर्षो बाद सेठिया परिवारों के कुल देवता भेरुजी महाराज पगारिया डग-भवानी मंडी रोड राजस्थान में 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को सामूहिक रातीजगा कार्यक्रम होने जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों मांगीलाल सेठिया, संदीप सेठिया, एवं अरुण सेठिया, सत्यनारायण सेठिया जग्गाखेड़ी ने संयुक्त जानकारी में बताया कि कार्यक्रम को लेकर सेठिया परिवारों में अपार उत्साह देखा जा रहा है पिछले तीन माह से कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। पिछले दिन भेरुजी महाराज के मंदिर का जीर्णोद्धार सेठिया परिवारों के सहयोग से कराया गया। 31 जनवरी को सायं 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें श्री सांवलियाजी पैदल यात्री संघ नाहरगढ़ के भजन गायकों सर्वश्री संदीप शर्मा, कमल बैरागी एवं नागदा जिला धार की गायिका नंदिनी तिवारी के द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी जावेगी। 1 फरवरी को को प्रातः 10 बजे से कलश, ध्वजा, चोला व प्रथम आरती पूजन की बोली लगाई जाएगी। उसके पश्चात् कलश व ध्वजा चढ़ाकर आरती होगी ततत्पश्चात् प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा। कार्यक्रम को लेकर सभी सेठिया परिवारों में अपार उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। सभी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहते हैं। भेरुजी महाराज के आशीर्वाद एवं सेठिया परिवार के वरिष्ठजनों जमनालाल सेठिया सुवासरा, नाथुलालजी सेठिया मिर्ची वाला शामगढ़ , राधेश्याम सेठिया मरलावदा आदि महानुभावों के मार्गदर्शन में पूरी समिति आदि समाज जन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना संपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# पुलिस अफसर बताकर दिया धोखा, दो साल बाद ठगौरे को सूरत से पकड़ा



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड एवं उनकी टीम ने वर्ष 2024 से फरार जैसलमेर राजस्थान के आरोपी को गिरफ्तार किया है। धोखाधडी के आरोपी को गुजरात राज्य के सूरत से पकडने में सफलता मिली है।

घटना अनुसार 23 मार्च 2024 को फरियादिया नेहल जैन पिता संजय जैन निवासी महावीर कालोनी पुलिस कंट्रोल रुम के सामने ने कोतवाली पर आकर प्रथम सूचना लेख कराई कि 15 मार्च 2024 को मोबाईल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर बोला गया कि आपके द्वारा जो कोरियर ईरान के लिये भेजा गया था, जिसमे कुछ नकली दवाई एवं संदिग्ध पदार्थ एवं मनी लान्ड्रिंग जुडे होने व फर्जी बैंक खाते में संलिप्तता के संबध मे बातचीत की गई और फरियादिया के साथ धोखा होने की पुष्टि होने की घटना पर रिपोर्ट की गई। फरियादिया के लिखित आवेदन पर मामला अनुसंधान में लिया गया। अनुसंधान के दौरान अपराध में एक बार जैसलमेर राजस्थान पुलिस टीम भेज कर बैंक खाता धारक व संदेहियो के संबध मे तलाश की गई। संदेही के मोबाईल नंबर की जानकारी की प्राप्त होने पर तकनीकी सहायता से मोबाईल की लोकेशन प्राप्त कर संदेही के सूरत गुजरात में होने की जानकारी मिलने पर संदेही की तलाश व वैधानिक कार्यवाही हेतु पुलिस टीम भेजी गई। यहां आरटीएम (राज टेक्सटाईल मिल्स) पर काम करने की जानकारी मिलने पर संदेही को पकडकर पूछताछ करने पर स्वयं को लक्ष्मण उर्फ शिव पिता ओमप्रकाश राठी उम्र 22 साल निवासी सोडोकोर थाना लाठी जिला जैसलमेर राजस्थान का रहने वाला एवं पिछले 06 से 07 माह से सूरत में मजदुरी करना बताया। इस कार्य में कोतवाली निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़, उनि उमेश व्यास, प्रआर रामनारायण नागदा, आर. जितेन्द्र नागदा व सायबर टीम प्रआर आशीष बैरागी, प्रआर मुजफ्फरउद्दीन एवं आर. मनीष बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

# कलेक्टोरेट में शहीद दिवस पर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रृद्धांजली दी



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 30 जनवरी 2026 को स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में कलेक्टोरेट सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में शहीदों को श्रृद्धांजली अर्पित की गई। इस मौके पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं एडीएम बी.एस.कलेश की उपस्थिति में शहीद दिवस पर प्रातः11 बजे कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान करने वाले शहीदों की याद में दो-मिनट का मौन रखकर, श्रृद्धांजली दी गई। इस अवसर संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रीती संघवी, एसडीएम श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिंह धार्वे, सुश्री श्रुति भयडिया, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रख कर, उन्हे श्रृद्धांजली अर्पित की।

# गर्म कपड़े हेतु दिया ज्ञापन : कड़ाके की ठंड में कांप रहे सफाई कर्मी, कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भीषण ठंड और शीतलहर के बावजूद नगर की स्वच्छता व्यवस्था संभालने वाले सफाई कर्मचारियों को अब तक गर्म कपड़े (स्वेटर/जैकेट) उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इसे लेकर अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने कड़ा रोष जताते हुए शुक्रवार, 30 जनवरी को नगरपालिका परिषद मन्दसौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.एस. धारवे को ज्ञापन सौंपकर सफाई कर्मियों को जल्द गर्म कपड़े उपलब्ध कराने की मांग की। संघ के जिलाध्यक्ष महेश केसरिया ने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि खुले आसमान के नीचे सुबह और रात को काम करने वाले कर्मचारियों को गर्म कपड़े न देना न केवल अमानवीय है, बल्कि यह श्रम संहिता 2020 की धारा 6 और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 व 42 का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि कर्मचारियों को आवश्यक सुरक्षा वस्त्र देना नियोक्ता का अनिवार्य दायित्व है। मजदूर संघ ने मांग की है कि सभी सफाई कर्मचारियों को तत्काल स्वेटर, जैकेट और दस्ताने उपलब्ध कराए जाएं। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है, तो संघ कलेक्टर, श्रम विभाग और न्यायालय की शरण लेने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगरपालिका प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपते समय राष्ट्रीय सचिव संदीप सलोद, जिलाध्यक्ष महेश केसरिया, बृजेश दलोर, अर्जुन खोखर, सतीश बालोदा, भारत चनाल, प्रदीप घारू, नितेश डागर और सतीश आदिवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। ज्ञापन की प्रतियां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग और जिला कलेक्टर को भी भेजी गई हैं।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न




**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिशु मृत्यु मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सीडीआर एम आई एस सॉफ्टवेयर में सभी शिशु मृत्यु मामलों की प्रविष्टि की जाए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अध्यक्षता में प्रतिमाह शिशु मृत्यु मामलों के प्रकरणों की जांच की जाए। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए रेफर करने से पहले चिकित्सा आधारित सेवाएं सुनिश्चित की जाए तथा अति आवश्यक होने पर ही प्रसव केंद्रों पर रेफर किया जाए। शहरी क्षेत्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रभात रंजन को बैठक से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया जाए।

एक वर्ष से कम आयु के शिशु मृत्यु मामलों और एक वर्ष से 5 वर्ष की आयु के शिशु मृत्यु मामलों की जानकारी पृथक प्रस्तुत की जाए। मातृ मृत्यु के मामलों की समीक्षा के दौरान मातृ- मृत्यु के सभा प्रकरणो में नोटिफिकेशन करने एवं मातृ मृत्यु के कारणो की गहन समीक्षा कर मातृ मृत्यु दर कम से करने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं के अनमोल पोर्टल पर कम उपलब्धि प्राप्त करने वाले विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने संबंधी कार्रवाई करने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन मामलों में गर्भवती महिलाओं के समग्र आईडी संबंधी समस्या हो वहां पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरीय निकाय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से समक्ष मिलकर बीएमओ समस्या का निराकरण करें । कलेक्टर ने कहा कि विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को एक सप्ताह में कार्य पूरा करने के लिए चेतावनी पत्र जारी किया जाए। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करें तथा आवश्यक होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करें। विकासखंड को सेक्टर आधार पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित रूप से चिकित्सा अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जाए तथा कार्य में प्रगति लाई जाए । बी एम ओ का ड्यूटी रोस्टर प्रस्तुत किया जाए ।

शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं में खून की कमी का मैनेजमेंट किया जाए, कलेक्टर ने कहा कि वह स्वयं शहरी क्षेत्र के संजीवनी क्लीनिक का निरीक्षण करेंगी। कलेक्टर ने मुख्य रूप से शिशु मृत्यु दर , मातृ मृत्यु दर में कमी लाने, प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कार्य में प्रगति लाने तथा आयुष्मान वय वंदना योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रामनिवास बुधौलिया ने बताया कि कुपोषित बच्चों की सूची स्वास्थ्य विभाग को प्रेषित कर दी गई है, बच्चों की स्क्रीनिंग के बाद उन्हें आवश्यक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाना है। डब्लू एच ओ के सर्विलांस ऑफिसर डॉ रितेश बजाज ने नियमित टीकाकरण की चेकलिस्ट कार्य में उपलब्धि शिशुओं में होने वाली बीमारियों उनका सर्विलेंस आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने सभी बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण करने तथा मिजल्स के प्रथम और द्वितीय डोज की शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अगले सप्ताह पुनः समीक्षा बैठक आयोजित करने तथा कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे, मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ अनीता मुथा, सिविल सर्जन डॉ एम एस सागर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील, डीपीएम श्रीमती अर्चना राठौर, जिला एम एंड ई अधिकारी सुश्री श्वेता बागड़ी , डीसीएम श्री कमलेश मुवेल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ममता शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ए पी सिंह , डॉ प्रमोद प्रजापति , डिप्टी मीडिया अधिकारी श्रीमती सरला वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# प्रशासन की टीम ने कुकडेश्वर में की कार्यवाही



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** एसडीएम मनासा श्रीमती किरण आंजना के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा टीम ने कुकडेश्वर में 4 फर्मो का निरीक्षण कर, खाद्य पदार्थो के 6 नमूने लिए है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजू सोलंकी ने बताया, कि विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को आर मार्ट कुकड़ेश्वर का निरीक्षण कर विक्रय के लिए भंडारित खाद्य पदार्थ घी पैक का नमूना, फर्म माणिक ट्रेडर्स कुकडेश्वर का निरीक्षण कर, खाद्य पदार्थ केशव घी के नमूने एवं फर्म अजय दयालसिंह ककड़ेश्वर का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थ घी का नमूना तथा फर्म गरिमा सेल्स, कुकडेश्वर में खाद्य पदार्थ सरस घी, रिलेक्स टोस्ट, मस्टर्ड तेल के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत जांच हेतु लिये गये। परिसर में कमियां पाए जाने पर धारा 32 के तहत संबंधित को नोटिस जारी किया गया है। नमूनों को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजू सोलंकी एवं यशवंत कुमार शर्मा की टीम ने की है।

# नीमच में निःशुल्क एण्टीरेबीज टीकाकरण शिविर सम्पन्न

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पशुपालन विभाग एवं जैन सोशल ग्रुप उड़ान के संयुक्त तत्वावधान में पशुओं का निःशुल्क उपचार एवं श्वानों में निःशुल्क एण्टीरेबीज टीकाकरण शिविर शुक्रवार को पशु चिकित्सा पोलीक्लिनिक नीमच पर सम्पन्न हुआ। उपसंचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार ने बताया, कि वर्तमान में पशुपालन एवं पशु कल्याण माह संचालित किया जा रहा है। इसी के तहत जैन सोशल ग्रुप उड़ान नीमच के सौजन्य से जीव दया शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 21 पशुओं का उपचार ताथ 11 श्वानों को एण्टीरेबीज रोग-रोकथाम के टीके लगाए गये। शिविर में डॉ.ए.आर.धाकड, डॉ.देवीलाल पाटीदार एवं डॉ. हरीश पाटीदार ने सेवाएँ दी। इस अवसर पर डॉ. एम.एल. जैन, श्री दिलीप डूंगरवाल, श्रीमती भावना कांठेड, श्री धनश्याम बाफना एवं श्री मुकेश आंचलिया उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

## शिक्षा में समता या नई असमानता: यूजीसी नियमों पर न्यायिक विराम

नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता के नाम पर लागू किए गए नए नियमों ने देश के शैक्षिक और सामाजिक परिदृश्य में एक बार फिर गहरी हलचल पैदा कर दी है। जिस नीति को 'समता', 'समान अवसर' और 'समावेशी शिक्षा' की भावना से जोड़कर प्रस्तुत किया गया, वह व्यवहार में आते ही एक वर्ग विशेष के तीव्र विरोध, व्यापक असंतोष और सामाजिक तनाव का कारण बन गई। स्थिति इतनी विकट हुई कि सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप कर इन नियमों पर अंतरिम रोक लगानी पड़ी। यह रोक न केवल सरकार की नीति-निर्माण प्रक्रिया पर एक प्रश्नचिह्न है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिशयोक्तिपूर्ण और असंतुलित प्रयोग देश को किस दिशा में ले जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप किसी नीति के समर्थन या विरोध का सीधा निर्णय नहीं है, बल्कि यह एक संवैधानिक चेतावनी है कि समानता के नाम पर लागू किए गए नियम यदि अस्पष्ट हों, दुरुपयोग की संभावना रखते हों और सामाजिक सौहार्द को बाधित करते हों, तो वे न्यायिक समीक्षा से परे नहीं रह सकते। अदालत ने प्रथम दृष्टया यह माना कि यूजीसी के नए नियमों में स्पष्टता का अभाव है और यही अस्पष्टता उन्हें विवादास्पद बनाती है। यह रोक सरकार को आत्ममंथन का अवसर देती है, ऐसा अवसर जिसे राजनीतिक टकराव के बजाय सुधार के रूप में देखा जाना चाहिए। प्रश्न यह है कि जो सरकार बार-बार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की बात करती रही है, वह शिक्षा संस्थानों जैसे विचार-निर्माण के केंद्रों में ऐसे नियम क्यों लाई, जिनसे जातिगत पहचान और वर्गीय विभाजन की रेखाएं और गहरी होने की आशंका पैदा हो गई। भारत का सामाजिक इतिहास इस तथ्य का साक्षी है कि जाति के नाम पर की गई किसी भी नीति ने, चाहे उसका उद्देश्य कितना ही कल्याणकारी क्यों न रहा हो, समाज को भीतर ही भीतर विभाजित किया है। आरक्षण जैसी संवैधानिक व्यवस्था सामाजिक न्याय के लिए लाई गई थी, लेकिन इसके लंबे प्रयोग ने देश को ऐसे घाव भी दिए हैं, जिनका उपचार आज तक पूर्ण रूप से नहीं हो सका। ऐसे में शिक्षा के क्षेत्र में जातिगत आधार को और उभारने वाली किसी भी पहल को लेकर स्वाभाविक रूप से आशंका उत्पन्न होती है।

शिक्षा संस्थान केवल डिग्री बांटने की फैक्ट्रियां नहीं होते; वे समाज की दिशा तय करने वाली प्रयोगशालाएं होते हैं। यहां तैयार होने वाला छात्र केवल नौकरीपेशा व्यक्ति नहीं, बल्कि भविष्य का नागरिक होता है। यदि यही परिसर अविश्वास, वर्ग-संघर्ष और परस्पर शंका के केंद्र बन जाएं, तो इसका प्रभाव केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर उठा विरोध इसी आशंका का प्रकटीकरण है। यह भी विचारणीय है कि समानता और समता के बीच का अंतर नीति-निर्माण में किस हद तक समझा गया। समानता का अर्थ है सबके साथ एक जैसा व्यवहार, जबकि समता का अर्थ है परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संतुलित अवसर देना। यदि समता के नाम पर ऐसे प्रावधान किए जाएं जो किसी एक वर्ग को असुरक्षित महसूस कराएं, तो वह नीति अपने उद्देश्य से भटक जाती है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इसी बिंदु की ओर संकेत करती है कि नियमों का उद्देश्य भले ही सकारात्मक रहा हो, लेकिन उनकी संरचना और भाषा ने विवाद और भ्रम को जन्म दिया।

यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पूरे मामले में राजनीतिक रंग तेजी से हावी होता गया। पक्ष और विपक्ष दोनों ने इसे अपने-अपने हितों के चश्मे से देखना शुरू कर दिया, वोट बैंक की राजनीति से इसे देखा जाने लगा जबकि यह विषय मूलतः शिक्षा सुधार और सामाजिक संतुलन से जुड़ा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कई अवसरों पर यह कहते रहे हैं कि शिक्षा को राजनीति से मुक्त रखा जाना चाहिए और नीतियां दीर्घकालिक राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर बननी चाहिए। फिर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यूजीसी द्वारा बनाए गए इन नियमों में उस दूरदर्शिता और संतुलन का अभाव क्यों दिखा? लगता है कि यूजीसी ने जल्दबाजी में बिना सोचे समझे इसे लागू कर दिया,यदि यूजीसी ने व्यापक संवाद, सभी पक्षों से परामर्श और संभावित दुरुपयोग की आशंकाओं का पूर्व आकलन किया होता, तो शायद यह स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती।

## अल्पायु में हृदयाघात के कारणों को समझें सहजयोग ध्यान (आध्यात्मिक विज्ञान) द्वारा



आजकल युवाओं सहित सभी आयु वर्ग में हृदयघात के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, डाक्टर्स के अनुसार इसका मुख्य कारण गतिहीन जीवनशैली, अस्वास्थ्यकर आहार, अत्यधिक तनाव, धूम्रपान, और नींद की कमी हैं। साथ ही, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और अनुवांशिक कारण भी इसमें बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

आध्यात्मिक दृष्टिकोण से विचार करें तो हृदय चक्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण चक्र है क्योंकि यह आरोग्यदायी और चैतन्यमय व्यक्तित्व का मूल है। हमारी आत्मा शिव?स्वरुप में हमारे हृदय में है, जिसका प्रतिबिंब हमारे मस्तिष्क क्षेत्र यानि सहस्त्रार तक है। हमारे सुक्ष्म शरीर में हृदय अनाहत चक्र से जुड़ा हुआ है, जो हमारे शरीर का चौथा चक्र है जो प्रेम, करुणा और आत्म-प्रेम की भावनाओं को नियंत्रित करता है। हम यह जानने का प्रयास करते हैं कि किस प्रकार सहजयोग विद्या का आध्यात्मिक साईंस हृदय की कार्य प्रणाली व हृदय की अस्वस्थता के कारण को स्पष्ट करता है।

हम सभी जानते हैं हृदय में चार वाल्व हैं। सहज योग के अनुसार चार सुक्ष्म नाड़ियां है— पहली नाड़ी मूलाधार चक्र तक जाती? है जो हमारे सुक्ष्म शरीर का प्रथम चक्र है, और रीढ़ की हड्डी के नीचे स्थित है। यह हमारे शरीर का मूल आधार है, आध्यात्म के अनुसार मूलाधार चक्र में श्री गणेश का स्थान है जो पवित्रता और अबोधिता का गुण लिये हुए हैं तथा सदैव बाल स्वरूप में हैं। सहजयोग प्रणेता परमपूज्य श्री माताजी ने बताया है इस चक्र के नीचे नरक का द्वार है। अपवित्र, अमर्यादित और अनैतिकता वाले व्यक्ति अपनी गंदी प्रवृत्ति के कारण नरक के पात्र बन जाते हैं।

हृदय की दूसरी नाड़ी हमारी इच्छा को पूर्ण करती है। यह इच्छा भौतिक हो या भावनात्मक इसका मर्यादा में होना आवश्यक है, अन्यथा व्यक्ति का पतन निश्चित है। हृदय के अच्छे स्वास्थ्य के लिए सहज योगी को अपनी इड़ा नाड़ी पर नियमित ध्यान कर अशुद्ध इच्छा को शुद्ध इच्छा में परिवर्तित करना होता है, ताकि हमारे अंदर चैतन्य का प्रवाह बढ़े और हम निरोगी रहें। हम अपने चित्त को सुंदर प्रकृति से जोड़कर प्राकृतिक सौंदर्य व पवित्र वस्तुओं का आनंद ले सकते हैं। इससे हमारा हृदय पुलकित, आनंदित और स्वस्थ रहता है। तीसरी नाड़ी हममें मोहमाया उत्पन्न करती है। परिवार की, रिश्तेदारों व मित्रों की, धन-दौलत व अन्य वस्तुओं की मोहमाया। इस मोहमाया में डूबना हमारे हृदय को कमजोर करता है। सहज योग ध्यान साधना से हम समर्पित होते हैं और हममें साक्षी भाव आता है, प्राणी मात्र के लिए हृदय में दया भाव होता है और हम स्वार्थ रहित होकर विश्व का हित सोचते हैं।

चौथी नाड़ी सर्वाधिक महत्वपूर्ण नाड़ी है। यह नाड़ी हृदय से शुरु होकर बांयी विशुद्धि (गले में स्थित है) से होते हुये आज्ञा चक्र(माथे पर स्थित है) से सहस्त्रार(सिर के तालु भाग) तक जाती है। इस चौथी नाड़ी में चार पंखुड़ी है। यह चारों पंखुड़ी जब लिंबिक एरिया में खुलती हैं तब साधक तुर्या समाधि में जाकर निर्विचारिता प्राप्त करता है। इस अवस्था में हमें परमेश्वर को समझने का सच्चा ज्ञान प्राप्त होता है । जब तक हृदय चक्र की चौथी नाडी नहीं खुलती है तब तक हम अंधकार मे रहते हैं।

अतः हमारी मानसिक स्थिति व कमजोर भावनायें ही हमें हृदय रोगी बनाती है। सहजयोग में जब हम ध्यान करते हैं तब हृदय चक्र की चारों नाड़ियां पूर्णतया प्रकाशित हो जाती है और हमें निर्विचारिता और परमात्मा का ज्ञान मिलता है।

# जिस समाज में बच्चे भी दरिंदे बनें, वह समाज कटघरे में है

रात की खामोशी में दबा दी गई एक नन्ही बच्ची की चीख अब पूरे देश की अंतरात्मा को हिला रही है। 18 जनवरी 2026 की वह रात केवल दिल्ली के भजनपुरा (उत्तर-पूर्वी दिल्ली) इलाके की त्रासदी नहीं थी, बल्कि भारतीय समाज की नैतिक पराजय का प्रतीक बन चुकी है। 6 वर्ष की एक मासूम बच्ची को 3 नाबालिग लड़कों, जिनकी उम्र 10, 13 और 14-15 वर्ष थी, ने बहला-फुसलाकर एक सुनसान इमारत में ले जाकर अमानवीय हिंसा का शिकार बनाया। खाने-पीने या छोटे लालच में फंसाई गई बच्ची जब घर लौटी, तो उसका शरीर जख्मों से भरा था, उसकी आवाज थम चुकी थी और उसके कदम साथ छोड़ चुके थे। यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक असंवेदनशीलता का भयावह प्रमाण है।

यह घटना उस झूठे विश्वास को तोड़ देती है कि अपराध केवल वयस्कों द्वारा ही किए जाते हैं। सच्चाई यह है कि अपराध उम्र से नहीं, वातावरण और सोच से जन्म लेता है। प्रश्न केवल यह नहीं कि अपराध किसने किया, बल्कि यह है कि ऐसी मानसिकता को पनपने का अवसर किसने दिया। जब इतनी कम उम्र में करुणा, सहानुभूति और भय समाप्त हो जाए, तो यह पूरे सामाजिक ढांचे पर गंभीर आरोप है। यदि आज इस सच्चाई को नजरअंदाज किया गया, तो आने वाला कल हर घर के लिए असुरक्षा का संदेश होगा।

इस अमानवीय घटना के बाद अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की प्रतिक्रिया एक साधारण सामाजिक पोस्ट तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह पूरे समाज के लिए चेतावनी बनकर सामने आई। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा, ÷वेक अप इंडिया! यह बच्ची हमारी सड़कों पर सुरक्षित नहीं है।÷ उन्होंने अपराधियों को %मॉन्स्टर्स% कहते हुए उस सोच पर प्रहार किया, जो अपराध के बाद बच निकलने का भ्रम पालती है। उनकी आवाज अकेली नहीं थी। पीड़िता के परिजन सड़कों पर उतरे, न्याय की मांग के साथ प्रदर्शन हुए और प्रशासन से जवाबदेही मांगी गई। मां ने बताया कि बच्ची घर पर है, लेकिन गहरे मानसिक आघात से जूझ रही है। यह आक्रोश तभी अर्थ पाएगा, जब समाज इसे क्षणिक संवेदना नहीं, बल्कि दीर्घकालिक जिम्मेदारी में बदले।

नाबालिग अपराधी—यह शब्द अब केवल कानूनी शब्दावली नहीं रहा, बल्कि सामाजिक भय का पर्याय बन चुका है। 10 वर्ष की उम्र, जिसमें खेल, कल्पनाएं और सपने होने चाहिए, वहां हिंसा की विकृत छाया दिखाई दी। पुलिस जांच में सामने आया कि बच्ची को लालच देकर ले जाया गया और क्रूरता की सारी सीमाएं पार की गईं। इसके पीछे एक कड़वी सच्चाई छिपी है—अनियंत्रित डिजिटल प्रभाव। अश्लील सामग्री तक सहज पहुंच, माता-पिता की निगरानी का अभाव और विद्यालयों में यौन शिक्षा की कमी बच्चों की सोच को विकृत कर रही है। ये बच्चे भी सामाजिक उपेक्षा और गलत दिशा के शिकार हैं। प्रश्न यह है कि क्या समाज केवल सजा देकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाएगा।

कानून की भूमिका पर अब मौन घातक है। पॉस्को कानून और भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया, लेकिन जुवेनाइल कानून की सीमाएं बार-बार सामने आती हैं। 16 वर्ष से कम उम्र के अपराधियों पर वयस्कों जैसा मुकदमा नहीं चलता, चाहे अपराध कितना भी जघन्य क्यों न हो। पीड़िता का परिवार कठोरतम दंड की मांग कर रहा है। दूसरी ओर, एक दृष्टिकोण यह भी है कि दंड के साथ पुनर्वास और मनोवैज्ञानिक उपचार आवश्यक है। न्याय केवल प्रतिशोध नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा भी है। यदि कानून अपराध को रोकने में असमर्थ है, तो उसमें परिवर्तन अपरिहार्य है।

इस क्रूर घटना की जड़ें केवल कानून की खामियों में नहीं, बल्कि समाज की बनावट में गहराई तक फैली हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी बच्चों में से कुछ पीड़िता के परिवार से परिचित थे, लेकिन वही भरोसा हिंसा में बदल गया। यह विश्वासघात केवल व्यक्तिगत नहीं, सामाजिक है। परिवारों में संवाद की कमी, हिंसा से भरा मनोरंजन और संवेदनहीन माहौल बच्चों को कठोर बना रहा है। भजनपुरा जैसे इलाकों में खाली इमारतें और अंधेरी गलियां सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करती हैं। विरोध प्रदर्शन जरूरी हैं, लेकिन वास्तविक परिवर्तन आत्ममंथन से ही संभव है।

इस घटना का सबसे गहरा असर पीढ़ियों तक महसूस किया जाएगा। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि इतनी कम उम्र में हुआ यौन शोषण जीवन भर का मानसिक बोझ बन जाता है। भय, लज्जा और अविश्वास पीड़िता के व्यक्तित्व का हिस्सा बन सकते हैं और इसका प्रभाव भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचता है। आरोपी बच्चों के परिवार भी टूट चुके हैं। एक पिता ने स्वयं अपने बेटे को पुलिस के हवाले किया। समाज उन्हें भी अलग-थलग करेगा, लेकिन समाधान बहिष्कार में नहीं, समझ और सुधार में छिपा है। दंड से आगे बढ़कर मानवीय उपचार की आवश्यकता है।

मीडिया की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में निर्णायक हो जाती है। एक ओर उसने घटना को उजागर कर जागरूकता बढ़ाई, दूसरी ओर सनसनीखेज प्रस्तुति ने संवेदनशीलता को क्षति पहुंचाई। ग्राफिक विवरण बच्चों और समाज दोनों पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। मीडिया को यह तय करना होगा कि वह केवल खबरों का व्यापारी बनेगा या सामाजिक बदलाव का माध्यम। सुधार, पुनर्वास और सकारात्मक उदाहरण समाज को नई दिशा दे सकते हैं। नैतिक पत्रकारिता आज की अनिवार्य आवश्यकता है। अब रोकथाम की दिशा में ठोस और व्यावहारिक कदम उठाने होंगे। हर मोहल्ले में सामुदायिक सतर्कता समूह, बच्चों के लिए त्वरित सहायता प्रणाली और विद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य जांच अनिवार्य होनी चाहिए। खाली भवनों और असुरक्षित स्थानों की नियमित निगरानी की जाए। माता-पिता को बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जागरूक और प्रशिक्षित किया जाए। कानून और तकनीक का समन्वय बने। हम अक्सर प्रतिक्रिया देते हैं, रोकथाम को नजरअंदाज कर देते हैं। बदलाव घर से शुरू होगा और संवाद से मजबूत बनेगा।

यह घटना केवल दिल्ली की नहीं, पूरे देश के विवेक पर पड़ा आघात है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी त्रासदियां अक्सर चुप्पी के अंधेरे में दबा दी जाती हैं। असली और अनकही सच्चाई है लैंगिक सामाजिककरण की कमी, जहां लड़कों को भावनाएं व्यक्त करने के बजाय उन्हें दबाने की सीख दी जाती है, और वही दबाव आगे चलकर हिंसा का रूप ले लेता है। आज जेंडर-निरपेक्ष शिक्षा की शुरुआत अनिवार्य हो चुकी है। इतनी कम उम्र में आरोपी होना हमारी शिक्षा व्यवस्था पर सीधा सवाल है—क्या हम बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा सिखा रहे हैं या नैतिकता भी? यह एक स्पष्ट चेतावनी है। अगर हमने इसे सुना, तो समाज मजबूत होगा, अन्यथा मासूमियत हमेशा खतरे में रहेगी। अब समय है कि समाज एकजुट हो और हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे। यह एक पुकार है—अब चुप नहीं, अब समझौता नहीं; उठो, जागो और बदलाव लाओ। भूमि पेडनेकर के आक्रोश को क्षणिक भावनात्मक प्रतिक्रिया बनकर नहीं, बल्कि सामूहिक शक्ति में बदलना होगा। सख्त कानून की मांग जरूरी है, लेकिन उसकी शुरुआत खुद से होनी चाहिए। बच्चों को सम्मान देना सिखाओ, उनकी बात ध्यान से सुनो और उनके मन की उलझनों को समझो। परिवार, विद्यालय और समाज—तीनों को मिलकर यह लड़ाई लड़नी होगी। दिल्ली की उस बच्ची की पीड़ा व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। यह लेख एक सीधी चुनौती है—क्या हम सच में एक सुरक्षित भारत बनाने के लिए तैयार हैं? क्रूरता तभी रुकेगी, जब हम सब जागेंगे। उम्मीद अभी भी जीवित है, क्योंकि बदलाव आज भी संभव है।

**-प्रो. आरके जैन**

## सुनो नहरों की पुकार : जब आस्था पर्यावरण से संवाद करती है

आज जब हम पूजा, परंपरा और श्रद्धा की बात करते हैं, तो अक्सर भूल जाते हैं कि धर्म का मूल उद्देश्य जीवन की रक्षा है- विनाश नहीं। जल, जो जीवन का आधार है, वही यदि हमारी आस्था के नाम पर अपवित्र हो जाए, तो यह आत्ममंथन का विषय बनता है। सुनो नहरों की पुकार ऐसा ही एक जनजागरण अभियान है, जो हमें हमारी ही भूलों से रूबरू कराता है और बताता है कि सच्ची पूजा क्या है। नहरें सिर्फ़ पानी का बहाव नहीं हैं। वे खेतों की हरियाली, पशुओं की प्यास, गाँवों की संस्कृति और सभ्यता की धमनियाँ हैं। इन्हीं नहरों के सहारे किसान अपने खेतों में सोना उगाता है, पशु जीवन पाते हैं और ग्रामीण समाज की अर्थव्यवस्था चलती है। परंतु आज यही जीवनरेखाएँ हमारी असावधानी और अंधी परंपराओं के कारण कराह रही हैं। पूजा के बाद की सामग्री—मूर्तियाँ, फूल, कपड़े, प्लास्टिक, सिंदूर, अगरबत्ती, नारियल, यहाँ तक कि मृत पालतू पशु—नहरों में प्रवाहित कर दिए जाते हैं। जो कर्म श्रद्धा के नाम पर किए जाते हैं, वे दरअसल प्रकृति के विरुद्ध अपराध बन चुके हैं। इसी पीड़ा और चिंता से जन्मा सुनो नहरों की पुकार अभियान। इसकी शुरुआत रोहतक में डॉ. जसमेर सिंह हुड्डा (संयोजक) और हिसार में माननीय भूपेंद्र सिंह गोदारा के प्रयासों से हुई। यह कोई एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षों की तपस्या और निरंतर जागरूकता का परिणाम है। यह अभियान न किसी राजनीतिक लाभ के लिए है, न किसी संगठनात्मक प्रसिद्धि के लिए। इसका उद्देश्य केवल एक है—नहरों को प्रदूषण से मुक्त करना और समाज की सोच में बदलाव लाना। गुरेरा गाँव की मिट्टी से उठे मास्टर भूपेंद्र गोदारा ने इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले अनेक जागरूक साथी—सुबेदार मेजर दलीप सिंह, टेकचन्द बागड़ी, श्री दलवीर पोटलिया, रिटायर्ड आचार्य विजेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार, प्राचार्य अजीत सिंह, निहाल सिंह गोदारा, श्री पवन कुमार सहित कई समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता। इन सभी का स्पष्ट विश्वास है कि जब तक समाज अपनी आदतें नहीं बदलेगा, तब तक नहरों की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी। नियम-कानून अपनी जगह हैं, पर वास्तविक बदलाव तभी आएगा जब जनमानस जागेगा। कोरोना जैसे भयावह समय में भी यह कारवाँ नहीं रुका। रविवार हो या छुट्टी, त्योहार हो या बारिश—टीम नहरों के किनारे हाथों में तख्तियाँ लिए खड़ी दिखाई दी। तख्तियों पर लिखे वाक्य केवल नारे नहीं थे, बल्कि समाज से संवाद थे जल है तो कल है, नहरों को प्रदूषित मत करो, आस्था है तो स्वच्छता भी हो। हिम्मत सिंह, राममूर्ति, नरेंद्र कुल्हड़िया, प्रवीण वकील, सुरेंद्र गोदारा, संदीप, सीताराम, शेर सिंह, विकास गोदारा, रामभगत पुनिया जैसे समाजसेवियों ने इस आवाज़ को मजबूती दी।

**-डॉ. प्रियंका सौरभ**

# यूरोपीय यूनियन एकीकृत अर्थव्यवस्था के लिए भारत स्वाभाविक विकल्प

भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच प्रस्तावित तथा प्रगति पर चल रहा व्यापक व्यापारिक समझौता केवल द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग का दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि यह बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था और अमेरिका की पारंपरिक आर्थिक व रणनीतिक प्रधानता को चुनौती देने वाले एक नए युग का संकेत भी है। शीत युद्ध के बाद लंबे समय तक अमेरिका ने वैश्विक व्यापार, निवेश, तकनीक और वित्तीय नियमों को अपने हितों के अनुसार परिभाषित किया, किंतु इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में परिस्थितियाँ तेजी से परिवर्तित हो रही हैं। चीन के उदय, रूस-पश्चिम टकराव, यूक्रेन युद्ध, आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन, संरक्षणवाद की वापसी और वैश्विक दक्षिण की बढ़ती मुखरता ने अमेरिका की एकछत्र भूमिका को सीमित किया है।

इस परिदृश्य में भारत और यूरोपीय यूनियन का निकट आना अमेरिका के लिए केवल आर्थिक नहीं बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी गहरे निहितार्थ रखता है। यूरोपीय यूनियन विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जबकि भारत तीव्र गति से उभरता हुआ विशाल उपभोक्ता बाजार, युवा जनसंख्या और तकनीकी क्षमता वाला देश है। इन दोनों का व्यापारिक गठबंधन वैश्विक व्यापार के प्रवाह को एशिया और यूरोप के बीच पुनः केंद्रित कर सकता है, जिससे अमेरिका की मध्यस्थ भूमिका आंशिक रूप से कमजोर हो सकती है।

वर्तमान में अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापारिक संबंध सुदृढ़ हैं, किंतु ट्रंप काल से लेकर बाइडेन प्रशासन तक संरक्षणवादी प्रवृत्तियाँ, कार्बन टैक्स, सब्सिडी आधारित औद्योगिक नीतियाँ और तकनीकी नियंत्रणों ने पारस्परिक अविश्वास को जन्म दिया है। ऐसे में यूरोप वैकल्पिक साझेदारों की तलाश में है और भारत उसके लिए एक स्वाभाविक विकल्प बनकर उभरता है। भारत के साथ व्यापारिक समझौता यूरोप को न केवल सस्ते श्रम और बड़े बाजार तक पहुँच देता है बल्कि चीन पर उसकी निर्भरता को भी कम करता है, जो अमेरिका की रणनीति से मेल तो खाता है, किंतु यदि यह प्रक्रिया अमेरिका को दरकिनार कर आगे बढ़ती है तो वाशिंगटन के लिए चिंता का विषय बन जाती है।

भारत - यूरोपीय यूनियन समझौते से फार्मास्यूटिकल्स, आईटी सेवाएँ, हरित ऊर्जा, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, डिजिटल व्यापार और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अमेरिका की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत घट सकती है। विशेष रूप से डिजिटल व्यापार और डेटा गवर्नेंस के क्षेत्र में यूरोपीय यूनियन के सख्त नियम और भारत की संप्रभु डेटा नीति मिलकर अमेरिकी टेक कंपनियों के वर्चस्व को चुनौती दे सकती हैं, जो लंबे समय से वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था पर हावी रही हैं। इसके अतिरिक्त, यदि यूरोपीय निवेश भारत की विनिर्माण क्षमता को सुदृढ़ करता है तो अमेरिका की 'री-शोरिंग' और 'फ्रेंड-शोरिंग' रणनीतियों को अप्रत्यक्ष झटका लग सकता है, क्योंकि वैश्विक पूंजी एक वैकल्पिक आकर्षक गंतव्य की ओर प्रवाहित होगी।

भू-राजनीतिक दृष्टि से भी यह समझौता अमेरिका को पुनर्विचार के लिए विवश करता है, क्योंकि भारत अब केवल क्वाड या इंडो-पैसिफिक रणनीति का एक स्तंभ भर नहीं रह जाता, बल्कि वह स्वतंत्र आर्थिक ध्रुव के रूप में अपनी पहचान मजबूत करता है। भारत की यह स्वायत्तता अमेरिका के लिए द्वैध भाव उत्पन्न करती है।एक तरफ वह भारत को चीन के प्रतिरोध में आवश्यक साझेदार मानता है, दूसरी ओर वह भारत के अत्यधिक आत्मनिर्भर और बहुआयामी होते जाने से अपने प्रभाव क्षेत्र के सीमित होने की आशंका से भी काफी भयभीत है। यूरोपीय यूनियन के साथ भारत का गहरा आर्थिक संबंध यह संकेत देता है कि भारत किसी एक शक्ति गुट में बंधने के बजाय बहुपक्षीय संतुलन की नीति पर चल रहा है, जो अमेरिकी विदेश नीति की पारंपरिक अपेक्षाओं से भिन्न है। इसके साथ ही, डॉलर आधारित वैश्विक वित्तीय व्यवस्था पर भी दीर्घकालिक दबाव बन सकता है, यदि भारत और यूरोप व्यापार में वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों, स्थानीय मुद्राओं या डिजिटल करेंसी जैसे विकल्पों पर विचार करते हैं। यद्यपि यह प्रक्रिया धीमी होगी, किंतु इसके संकेत मात्र से ही अमेरिका की वित्तीय प्रधानता को लेकर विमर्श तेज होता है।

अमेरिका के लिए यह समझौता एक चेतावनी भी है कि यदि वह अपने सहयोगियों के साथ व्यापारिक संबंधों में अधिक लचीलापन, पारदर्शिता और साझेदारी का भाव नहीं अपनाता, तो वे नए विकल्प खोजने को विवश होंगे।

यह अतिशयोक्ति होगा कि भारत यूरोपीय यूनियन व्यापारिक समझौता अमेरिका को पूर्णतः हाशिये पर धकेल देगा, क्योंकि अमेरिका अब भी तकनीक, रक्षा, वित्त और नवाचार में अग्रणी है, किंतु इतना स्पष्ट है कि उसकी निर्विवाद केंद्रीयता अब पहले जैसी नहीं रही। अंततः यह समझौता उस बदलती वैश्विक वास्तविकता का प्रतीक है जहाँ शक्तियाँ टकराव से अधिक संतुलन, निर्भरता से अधिक विविधता और अधीनता से अधिक स्वायत्तता की ओर अग्रसर हैं।

इस प्रक्रिया में अमेरिका को स्वयं को अनुकूलित करना होगा, न कि केवल नियंत्रक की भूमिका में बने रहने का आग्रह करना होगा।इस समझौते से यह भी आशंका बनती है कि भारत के साथ अमेरिका का व्यापारिक संबंध नए दृष्टिकोण से नए समीकरणों में पदार्पित हो सकता है।

**-संजीव ठाकुर**

# धारीदार संदेश : ज़ेब्रा दिवस और वन्यजीव संरक्षण की पुकार

31 जनवरी को प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय ज़ेब्रा दिवस (इंटरनेशनल ज़ेब्रा डे) मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य ज़ेब्रा जैसे दुर्लभ, सुंदर और उपयोगी वन्य जीव के संरक्षण के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। आज तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, खेती और बस्तियों के विस्तार के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैध शिकार, जलवायु परिवर्तन तथा पानी की बढ़ती कमी के कारण ज़ेब्रा के प्राकृतिक आवास लगातार नष्ट हो रहे हैं। इसका सीधा परिणाम यह है कि ज़ेब्रा की आबादी में तेज़ गिरावट दर्ज की जा रही है।

पाठकों को बताता चलूं कि ज़ेब्रा केवल एक आकर्षक जीव नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। इन्हें पारिस्थितिकी तंत्र का इंजीनियर कहा जाता है, क्योंकि ये घास के मैदानों को संतुलित और स्वस्थ बनाए रखते हैं। ज़ेब्रा लंबी और सख्त घास को खाते हैं, जिससे नीचे से कोमल घास उगती है, जिसे विल्डेबीस्ट जैसे अन्य शाकाहारी जीव खाते हैं। इस तरह ज़ेब्रा अनेक प्रजातियों के जीवन को अप्रत्यक्ष रूप से सहारा देते हैं। सूखे के समय ये पानी के स्रोत खोज लेते हैं, जिससे अन्य जानवरों को भी लाभ होता है।ज़ेब्रा, घोड़े और गधों के परिवार इक्वस से संबंध रखते हैं, फिर भी इन्हें कभी पालतू नहीं बनाया जा सका। इसका कारण इनका स्वभाव है-ज़ेब्रा अत्यधिक डरपोक होने के साथ-साथ बेहद आक्रामक भी होते हैं। अफ्रीका के खुले मैदानों में शेरों और तेंदुओं जैसे शिकारी जीवों के बीच रहने के कारण इनमें आत्मरक्षा की प्रवृत्ति अत्यंत तीव्र होती है। इनकी लात (किक) इतनी शक्तिशाली होती है कि वह शेर का जबड़ा तक तोड़ सकती है। यही कारण है कि ज़ेब्रा किसी को अपनी पीठ पर बैठने नहीं देते।

ज़ेब्रा का शरीर मूल रूप से काला माना जाता है, जिस पर सफेद धारियाँ होती हैं। भ्रूण अवस्था में ज़ेब्रा पूरी तरह काला होता है; विकास के दौरान सफेद धारियाँ बाद में उभरती हैं। ये धारियाँ केवल सौंदर्य का कारण नहीं, बल्कि प्रकृति की एक अद्भुत वैज्ञानिक रचना हैं। ज़ेब्रा की धारियाँ शरीर के लिए प्राकृतिक एसी का काम करती हैं। दरअसल, इनकी काली धारियाँ गर्मी को सोखती हैं, जबकि सफेद धारियाँ उसे परावर्तित करती हैं। इससे त्वचा के ऊपर हवा की सूक्ष्म लहरें बनती हैं, जो अफ्रीका की भीषण गर्मी में शरीर को ठंडा रखने में मदद करती हैं।इसके अलावा ज़ेब्रा की धारियाँ एक प्राकृतिक बारकोड हैं। दुनिया में किसी भी दो ज़ेब्रा की धारियाँ एक जैसी नहीं होतीं- बिल्कुल इंसानों की उंगलियों के निशानों की तरह। ज़ेब्रा परिवार के सदस्य एक-दूसरे को इन्हीं पैटर्न्स के माध्यम से पहचानते हैं। यही धारियाँ मक्खियों और परजीवी कीटों से भी रक्षा करती हैं। शोध बताते हैं कि ज़ेब्रा की धारियाँ मक्खियों की आँखों को भ्रमित कर देती हैं, जिसे 'मोशन डैज़ल' कहा जाता है, और वे ज़ेब्रा पर ठीक से बैठ नहीं पातीं। यह एक प्रभावी प्राकृतिक कीट-रक्षक है। जब ज़ेब्रा का पूरा झुंड एक साथ दौड़ता है, तो उनकी धारियाँ मिलकर एक बड़ा, हिलता-डुलता दृश्य बना देती हैं, जिससे शेर जैसे शिकारी यह तय नहीं कर पाते कि एक ज़ेब्रा कहाँ शुरू होता है और कहाँ समाप्त। यही भ्रम ज़ेब्रा की जान बचाता है। ज़ेब्रा लगभग 65 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से लंबे समय तक दौड़ सकते हैं और जिग-जैग मोशन में भागकर शिकारियों को धोखा देते हैं।

ज़ेब्रा झुंड में रहना पसंद करते हैं, जिसे 'डैज़ल' या 'ज़ील' कहा जाता है। झुंड में चलते समय सामान्यतः नर ज़ेब्रा आगे रहता है और मादाएँ उसके पीछे। यदि कोई ज़ेब्रा घायल हो जाए, तो पूरा झुंड उसकी रक्षा के लिए एकजुट हो जाता है। ज़ेब्रा और शुतुरमुर्ग अथवा विल्डेबीस्ट के बीच गहरी दोस्ती देखने को मिलती है। शुतुरमुर्ग दूर तक देख सकता है, जबकि ज़ेब्रा की सूंघने और सुनने की शक्ति अधिक विकसित होती है।इस प्रकार ये एक-दूसरे को खतरे की सूचना देकर बचाते हैं। जानकारी मिलती है कि ज़ेब्रा की इंद्रियाँ अत्यंत विकसित होती हैं। इनकी नाइट विज़न गजब की होती है। ये खड़े-खड़े भी सो सकते हैं और सोते समय भी इनके कान चारों दिशाओं में घूमते रहते हैं। ज़ेब्रा कानों और पूँछ की स्थिति के माध्यम से संवाद करते हैं। ये रंग पहचान सकते हैं, हालांकि ऑरेंज रंग नहीं देख पाते। ज़ेब्रा घोड़ों की तरह हिनहिनाते नहीं; उनकी आवाज़ गधे और कुत्ते के भौंकने का मिश्रण होती है, जिसे क्वा-हा जैसी ध्वनि से जोड़ा जाता है।

ज़ेब्रा के शिशु जन्म के मात्र 6 मिनट में खड़े, 10 मिनट में चलने और लगभग 20 मिनट में दौड़ने लगते हैं। शिशु लगभग एक वर्ष तक माँ का दूध पीते हैं। मादा ज़ेब्रा अपने बच्चों की रक्षा के लिए अत्यंत साहसी होती है। हालांकि, ज़ेब्रा पेड़ों पर नहीं चढ़ते, लेकिन माउंटेन ज़ेब्रा चट्टानी पहाड़ों पर चढ़ने में माहिर होते हैं। उनके नुकीले और सख्त खुर उन्हें खड़ी ढलानों पर भी वैसी ही पकड़ देते हैं जैसी किसी पेशेवर पर्वतारोही के जूतों को मिलती है। यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि घोड़े और ज़ेब्रा एक साथ नहीं रह सकते, क्योंकि ज़ेब्रा कुछ ऐसे वायरस के वाहक होते हैं जिनका उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन वही वायरस घोड़ों के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं।

वास्तव में,ज़ेब्रा किसी एक प्रजाति का नाम नहीं, बल्कि इक्वस वंश की तीन प्रमुख प्रजातियों का सामूहिक नाम है-मैदानी ज़ेब्रा, पर्वतीय ज़ेब्रा और ग्रेवीज़ ज़ेब्रा। ये मुख्य रूप से अफ्रीका के घास के मैदानों और खुले जंगलों में पाए जाते हैं, जिनमें केन्या, तंज़ानिया, इथियोपिया, दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, बोत्सवाना और ज़िम्बाब्वे शामिल हैं। यदि हम यहां पर ज़ेब्रा की जनसंख्या आंकड़ों की बात करें तो 2026 के हालिया वन्यजीव गणना के अनुसार, दुनिया में कुल मिलाकर लगभग 5.5 लाख से 6 लाख ज़ेब्रा बचे हैं।मैदानी ज़ेब्रा सबसे आम प्रजाति है, जिनकी अनुमानित संख्या लगभग 5 लाख है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शिकार और आवास की कमी के कारण इनकी संख्या में लगभग 25त्न गिरावट आई है और इन्हें संकट के करीब श्रेणी में रखा गया है।पर्वतीय ज़ेब्रा मुख्य रूप से दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया में पाए जाते हैं। इनकी संख्या लगभग 35,000 है। संरक्षण प्रयासों से इनकी स्थिति में सुधार हो रहा है, फिर भी इन्हें अतिसंवेदनशील माना जाता है। इनमें केप माउंटेन ज़ेब्रा की संख्या मात्र 1,500 के आसपास है। वहीं ग्रेवीज़ ज़ेब्रा सबसे दुर्लभ, सबसे बड़ा और सबसे अधिक संकटग्रस्त है। इसका वजन लगभग 1,000 पाउंड तक होता है।

यह केवल केन्या और इथियोपिया के कुछ हिस्सों में पाया जाता है। 1970 के दशक में इनकी संख्या लगभग 15,000 थी, जो अब घटकर मात्र 2,500 से 2,800 रह गई है। इसे आइयूसीएन ने गंभीर रूप से संकटग्रस्त सूची में शामिल किया है। यह भी उल्लेखनीय है कि इस प्रजाति का नाम 19वीं सदी के फ्रांसीसी राष्ट्रपति जूल्स ग्रेवी के नाम पर रखा गया था। अंततः, अंतरराष्ट्रीय ज़ेब्रा दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि ज़ेब्रा की घटती संख्या केवल एक प्रजाति का संकट नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के असंतुलन का संकेत है। ज़ेब्रा का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि यदि आज हम सजग नहीं हुए, तो आने वाला कल हमें कभी माफ़ नहीं करेगा।

**-सुनील कुमार महला**

# खड़ी फसलों के बीच से निकल रही अंतिम यात्रा

## श्मशान तक जाने का नहीं रास्ता, मजबुरी में खेतों से गुजर रहे ग्रामीण

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की मोहन बड़ोदिया जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम किठौर में ग्रामीणों को श्मशान घाट तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्मशान में शेड होने के बावजूद वहां तक जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है, जिसके कारण उन्हें अंतिम संस्कार के लिए खड़ी फसलों के बीच से गुजरना पड़ता है। उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देशों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।



गांव के संजय मालवीय, राजेश गोयल और अर्जुन सोंगरा ने बताया कि उन्हें अंतिम संस्कार के लिए खड़ी फसलों के बीच से होकर श्मशान तक जाना पड़ता है। बारिश के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि श्मशान तक जाने वाले रास्ते पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। शुक्रवार को भी गांव के नारायण सिंह मालवीय की अंतिम यात्रा के दौरान भी ग्रामीणों को इसी तरह की कठिनाई का सामना करना पड़ा और उन्हें खड़ी फसल के बीच से गुजरना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार, यह समस्या कई सालों से बनी हुई है। ग्रामीणों ने पूर्व में एक चौपाल लगाकर शुजालपुर विधानसभा के विधायक और उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार को इस समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने मंत्री को बताया था कि श्मशान घाट तो है, लेकिन रास्ता न होने के कारण उन्हें परेशानी हो रही है।

मंत्री के निर्देश भी हुए हवा, नहीं बना मार्ग- ग्रामीणों ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार को इस समस्या से अवगत कराया था। जिन्होंने समस्या की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों को तत्काल रास्ता चालू कर श्मशान तक मार्ग बनाने के निर्देश दिए थे। लेकिन मंत्री के निर्देशों के बावजूद श्मशान तक सड़क या रास्ता नहीं बन पाया है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने अब निर्णय लिया है कि यदि उन्हें श्मशान मार्ग तक रास्ता नहीं मिला, तो वे कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेंगे।

ग्रामीणों ने की तार फेंसिंग- गुलाना तहसीलदार रितेश जोशी ने बताया कि कुछ ग्रामीणों द्वारा तार फेंसिंग कर ली गई है, जिसके कारण श्मशान तक जाने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने जानकारी दी कि यह प्रकरण तहसील में विचाराधीन है और एक-दो दिन में आदेश जारी कर दिया जाएगा, जिसके बाद जल्द ही रास्ते की समस्या का निराकरण किया जाएगा।

# आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह से जुड़ने के पश्चात मंजू मालवीय बनी आत्मनिर्भर

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्र सरकार और मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं से जुड़कर एवं लाभ पाकर महिलाएं सशक्त होकर सफलता की नई इबारत लिख रही है। शासन की यह योजनाएं महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। महिलाएं आजीविका मिशन से जुड़कर न केवल स्वयं सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने परिवार का आर्थिक स्तर भी ऊंचा उठा रही है। आज ये पिछड़ी महिलाएं सफलता की नई इबारत तो लिख ही रही है साथ ही लखपति दीदी बनने की ओर अपने कदम बढ़ा रही है। इन्हीं महिलाओं में देवास जिले के ग्राम खतेड़िया निवासी मंजू मालवीय है, विषम परिस्थिति में पढ़ाई पूरी कर आज सफलता की नई कहानी लिख रही है। कृष्ण स्वयं सहायता समूह खतेड़िया की श्रीमती मंजू मालवीय समूह से जुड़ने के पश्चात गोशाला का संचालन कर रही है। इसके साथ ही राशन दुकान का संचालन कर आर्थिक तौर पर सुदृढ़ हो रही है तथा गांव की दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणादायी बन गई है। आज वे प्रतिमाह अच्छी आय अर्जित कर रही हैं। वे बहुत खुश हैं तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को हृदय से धन्यवाद दे रही हैं।



कृष्ण स्व सहायता समूह की मंजू मालवीय ने बताया कि वे एक साधारण ग्रामीण परिवार से की घरेलू महिला है। पारिवारिक समस्याओं के कारण आठवीं कक्षा तक ही हो पाई। परिस्थितियाँ कठिन थीं, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी।

# खेलो एमपी यूथ गेम - शुक्रवार को खेले गए प्री क्वार्टर एवं क्वार्टर फाइनल मैच



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत शुक्रवार को हॉकी का प्री क्वार्टर एवं क्वार्टर फाइनल मैच में ग्वालियर, शिवपुरी, भोपाल एवं रायसेन की टीमें फाइलन में पहुंची है। वहीं पिट्टू गेम के फाइलन में इंदौर पुरूष एवं महिला वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर बाजी मारी है। 31 जनवरी को महिला हॉकी एवं बैटमिंटन का फाइलन कम्पू स्थित जिला खेल परिसर में आयोजित होगा। राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत ग्वालियर में 28 से 31 जनवरी तक महिला हॉकी, बैडमिंटन एवं पिटटू गेम का आयोजन किया जा रहा है। हॉकी के प्री क्वार्टर मैच में गुना ने उज्जैन को 3-0 से हराया, जबकि सागर ने बैतुल को 6-1 से हराया। इसी प्रकार शिवपुरी ने इंदौर को 5-0 से हराया, वहीं रायसेन ने नर्मदापुरम को 3-0 से हराया है। क्वार्टर फाइलन मैंच में ग्वालियर ने गुना को 11-0 से हराया। इसी प्रकार शिवपुरी ने जबलपुर को 2-1 से हराया है, जबकि भोपाल ने सागर को 2-1 से हराया। इसी प्रकार रायसेन ने मंदसौर को 2-1 से हराया है। जबकि पिटटू गेम के पुरूश वर्ग में इंदौर ने जबलपुर को फाइलन में 54 पाइंट से हराकर स्वर्ण पदक जीता है, जबकि जबलपुर को रजत एवं नर्मदापुरम को कास्य पदक मिला। वहीं महिला वर्ग में इंदौर ने जबलपुर को 51 पाइंट से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया , जबकि जबलपुर को रजत पदक से संतोश करना पड़ा। वहीं शहडौल को कांस्य पदक मिला है। मैडल सेरेमनी में अतिथि के रूप में अध्यक्ष राष्ट्रीय पिट्टे खेल संघ श्री हरिनारायण राव यादव, कोशाध्यक्ष, राष्ट्रीय पिट्टे खेल संघ श्री सूरज कैरी आदी।

# गणतंत्र दिवस समारोह दिल्ली से लौटीं लक्ष्मी पुष्पद का महाविद्यालय परिवार ने किया स्वागत



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश की राजधानी नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित भव्य गणतंत्र दिवस समारोह 2026 में जिले की पहली प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस बीकेएसएन कालेज शाजापुर की एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) एसयूओ लक्ष्मी पुष्पद अपने महाविद्यालय लौटीं। महाविद्यालय लौटने पर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विपुल कसेरा, प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फ़ा एवं प्रो. मीनू गिडवानी सहित महाविद्यालय स्टाफ के समस्त सदस्यों एवं रासेयो के स्वयंसेवकों ने लक्ष्मी का स्वागत किया। इसके बाद प्राचार्य ने लक्ष्मी से कर्तव्य पथ की यात्रा, वहां के अनुशासन और समारोह के अनुभवों तथा दिल्ली के एतिहासिक स्थलों पर भ्रमण यात्रा के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लक्ष्मी की इस सफलता को जिले की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणादायी बताया। लक्ष्मी एनएसएस की शाजापुर जिले से पहली ऐसी प्रतिभा हैं, जिनको प्रदेश के चार विशिष्ट अतिथि स्वयंसेवकों में विशिष्ट अतिथि के रूप में चयनित किया गया था। इस यात्रा में उनके पिता नारायण सिंह भी उनके साथ रहे, जिन्होंने कर्तव्य पथ पर परेड का सजीव अवलोकन किया तथा दिल्ली के एतिहासिक स्थलों पर भ्रमण किया। लक्ष्मी की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार और रासेयो के समस्त स्वयंसेवकों में हर्ष है।

# श्री सांवरा की जीत से हुई सनातनी टूर्नामेंट की शुरूआत

## पहली बार नगर में हो रहा सनातनी प्रीमियर लीग (एसपीएल) का आयोजन

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के सनातनी क्रिकेट प्रेमियों के लिए सनातनी प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 12 टीमें शामिल की जा रही हैं। इस टूर्नामेंट का पहला मैच शुक्रवार को दुपाड़ा रोड स्थित स्टेडियम मैदान में किया गया। जहां सनातन इलेवर और सांवरा इलेवन के बीच पहला मैच हुआ, जिसमें सांवरा इलेवन की टीम ने जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरूआत की। इसी के साथ यह टीम अब सीधे सेमीफायनल में प्रवेश कर गई।




इस टूर्नामेंट में 12 टीमों के 144 खिलाड़ी शामिल होंगे। टूर्नामेंट का आयोजन भाजपा मंडल महामंत्री विकास सिंदल के नेतृत्व में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ शुक्रवार को विधायक अरूण भीमावद द्वारा किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ करने के बाद विधायक ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सभी को शुभकामनाएं दी। इसके बाद पहला मैच सांवरा इलेवन व सनातन इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें दोनो टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान दोनो टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए मैदान के चारों ओर दर्शनीय शॉट लगाए। जिसमें जीत सांवरा इलेवन के हाथ लगी। इसी के साथ टीम सेमीफायनल में प्रवेश कर गई। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्क्ष पं. आशीष, नागर महामंत्री गोविंद नायक, जिला कोषाध्यक्ष किरण ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष जुगल नाहर, शीतल भावसार, कार्यालय प्रभारी वीरेंद्र पाटीदार, जिला मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे, अतुल पालीवाल, राजू पाटीदार खड़ी, निहाल दलोदिया, गोविंद शर्मा, गोपाल पाटीदार भरड़, राजेश बडिया, राहुल परमार, मोनू गवली, चिनेश गवली सहित बड़ी संख्या में सनातनी क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

हर मैच में मिलेगा मैन ऑफ द मैच, 1 फरवरी को होगा फायनल- भाजपा मंडल महामंत्री विकास सिंदल ने बताया कि इस टूर्नामेंट के सभी मैच स्टेडियम में खेले जाएंगे और सभी मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान द्वारा मैन ऑफ द मैच की ट्राफी प्रदान की जाएगी। इस टूर्नामेंट का फायनल मैच भी स्टेडियम मैदान पर 1 फरवरी को दोपहर 3.30 बजे से खेला जाएगा। जिसमें जीतने वाली टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 31 हजार की राशि क्रिस्टल फन द्वारा दी जाएगी और द्वितीय पुरस्कार के रूप में 15 हजार का नगद पुरस्कार वर्धमान हॉस्पिटल के संचालक राम बडिया द्वारा दी जाएगी।

# महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम संबंधी गठित राष्ट्रीय कार्य बल (एन.टी.एफ.) की गाईडलाईन के परिपालन में उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में जिले के समस्त महाविद्यालयों के संकाय सदस्यों एवं स्टॉफ हेतु मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला तथा उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर संवाद सत्र का आयोजन दिनांक 29 जनवरी 2026 को डॉ. एस.पी.एस. राणा की अध्यक्षता में किया गया।



जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा विधायक प्रतिनिधि मनीष पारीक एवं मुख्यवक्ता के रूप में शहर के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र प्रजापति चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल देवास उपस्थित रहे। महाविद्यालय के आई. क्यू.ए.सी.,क्रीडा विभाग तथा रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्टवक्ता के रूप में डॉ. अमरीन शेख नोडल अधिकारी जिला एड्स एवं टी.बी.रोकथाम कार्यक्रम, डॉ.बुलबुल काजी जिला समन्वयक उमंग स्वास्थ्य कार्यक्रम, सुनीता जोशी परामर्शदाता आई.सी.टी.सी. जिला चिकित्सालय, अक्षय वर्मा तथा अपर्णा वर्मा परामर्शदाता उमंग स्वास्थ्य केंद्र ने मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारतीय परंपरा अनुसार मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया तथा अतिथियों का उत्तरीय पहनाकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि मनीष पारीक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा युवाओं के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष बल दिया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ.धर्मेंद्र प्रजापति ने मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा, मानसिक अस्वस्थता-पहचान, कारक तथा समाधान विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. राणा ने वर्क-लाईफ बैलेंस विषय पर अपनी बात रखी। महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ.संजय गाड़गे ने तनाव प्रबंधन विषय से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। डॉ. अमरीन शेख द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, गर्भावस्था में स्वास्थ्य देखभाल, एच. आई. व्ही. /एड्स, टी. बी. सह एच. आई. व्ही. / एड्स एक्ट 2017 के प्रावधानों पर संवाद किया गया। उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम सह किशोरों एवं युवाओं के स्वास्थ्य हेतु संचालित कार्यक्रम गतिविधियों/सेवाओं पर विस्तृत जानकारी डॉ. बुलबुल काजी, जिला समन्वयक आर.के.एस.के. द्वारा प्रदान की गई। अपर्णा वर्मा द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी टेलीमानस हेल्पलाईन ,उमंग हेल्पलाईन ,मनहित एप, जस्ट आस्क चैटबोट तथा आभा आई.डी.के विषय में अवगत कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं समस्त स्टाफ के साथ देवास जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापक सहित कार्यकारी स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन रजत राठौर नोडल अधिकारी एन.टी.एफ.तथा उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम के. पी. कॉलेज देवास तथा आभार जितेन्द्र सिंह राजपूत .प्रभारी रेड रिबन क्लब द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय के समस्त सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दुकान संचालक कैमरे अवश्य लगवाएं, यह बहुत जरूरी



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के मोहन बड़ोदिया में चोरी की वारदातों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने तैयारियां कर ली है। शुक्रवार दोपहर थाना प्रभारी भोमसिंह पटेल ने पुलिस टीम के साथ नगर के मुख्य बाजारों और संवेदनशील इलाकों का दौरा किया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से ज्वेलर्स दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की गई। थाना प्रभारी ने सराफा बाजार पहुंचकर आभूषण दुकानों के सीसीटीवी कैमरों की स्थिति देखी। जिन दुकानों में कैमरे नहीं थे या खराब मिले, उनके मालिकों को तुरंत नए कैमरे लगवाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने व्यापारियों को समझाया कि सीसीटीवी न केवल चोरों में डर पैदा करते हैं, बल्कि किसी भी वारदात के बाद पुलिस को जांच में सबसे ज्यादा मदद इन्हीं से मिलती है। इसलिए सुरक्षा व्यवस्था में कोई लापरवाही न बरतें। बाजार के अलावा पुलिस ने नलखेड़ा रोड और फुलचंद चौराहे पर लगे सरकारी कैमरों की कवरेज और रिकार्डिंग व्यवस्था को भी परखा। थाना प्रभारी ने नगर के प्रमुख मंदिरों और धार्मिक स्थलों का भी दौरा किया। उन्होंने वहां के पुजारियों और समितियों से चर्चा कर सुरक्षा इंतजाम पुख्ता रखने को कहा। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास किसी भी अनजान व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधि को देखते ही तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# जरिया ट्राफी बॉडीबिल्डिंग में सईद खान बने मिस्टर देवास



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिला बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन व टीम जरिया के संयुक्त तत्वधान में मिस्टर देवास 2026 जरिया ट्राफी का आयोजन किया गया। जिसमें अलग अलग वजन समूह में 40 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व सभापति हाजी अंसार एहमद हाथी वाले, मध्यप्रदेश बॉडीबिल्डिंग एसो. उपाध्यक्ष हाजी अकबर शेख अज्जू, लीगल एडवाइजर चंद्रपाल सिंह सोलंकी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज राजानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, पार्षद इरफान अली बाबा, सुपर मार्केट ऐसा. अध्यक्ष अर्जुन यादव ,पार्षद वसीम हुसैन, इफ़्तिकार एहमद हाथी वाले, डॉ राज खान, पत्रकार शकील कादरी, पत्रकार रिजवान कौसर,सनावर खान सतवास ,सुजीत सांगते ,संतोष मोदी, ज़कीरउल्ला शेख, समीर खान, अमन छाबड़ा, समीर शेख, अबरार शेख सर, हारिश गजधर, रहे। सभी अतिथियो का स्वागत टीम जरिया के सदस्य व देवास जिला बॉडीबिल्डिंग एसो. के अध्यक्ष हाजी रेहान शेख , मार्गदर्शक खालिक शेख चाचा, सचिव मनदीप पंवार, उपाध्यक्ष खुमान सिंह बैस, अमन बेग, अजीम शेख विक्की, प्रमोद चौहान, साहिल शेख, चेतन भन्नारे, रमजान कादरी, लक्की यादव, विजय सोलंकी ,राहुल गाडुनिया,हसीन शेख, सादाब शेख, नितिन महेशकर, राजा शेख,,अन्वेद शेख ,आमीन शेख , दिनेश वर्मा ,आशीष शर्मा,आदि ने किया। इस चैंपियन शिप में चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब सईद खान ने अपने नाम किया तथा बेस्टपोजर देवेश चौधरी, बेस्ट मुस्कुलरमैन एजाज मंसूरी, बेस्ट इंप्रूव का खिताब सौरभ झा ने अपने नाम किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक ट्राफी और नगद पुरुस्कार दिया गया। चैंपियनशिप में जज की भूमिका उज्जैन संभाग बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मकबूल वारसी,हाजी रेहान शेख,सोहेब शेख ने निभाई तथा स्टेज मार्शल की भूमिका जीशान खान और आशुतोष बेलिम ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन यशवंत डोगरा ने किया व आभार मलिक शेख ने माना।

# सांदीपनि उमावि सन्नौड़ का वार्षिकोत्सव संपन्न

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय सांदीपनि उमावि सन्नौड़ का वार्षिकोत्सव विधायक मनोज चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सन्नौड़ का यह भव्य और सर्व सुविधा युक्त सांदीपनि विद्यालय, विधायक मनोज चौधरी के अथक प्रयासों से क्षेत्र को मिली सौगात है, जहाँ बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के पुष्पवर्षा एवं पुष्पहार से स्वागत के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य मेहरबान सिंह पारसनिया तथा माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश पटेल एवं देवेंद्र मुकाती द्वारा किया गया। सांदीपनि विद्यालय की प्यारी बेटियों के द्वारा शुभ स्वागतम स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा चित्र प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की प्रयासों की सराहना की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में राम स्तुति, देशभक्ति गीत, झांसी की रानी के जीवन चरित्र पर आधारित नाट्य-नृत्य और पुरस्कार प्राप्त नाटिका ÷जादू नहीं विज्ञान है÷ ने सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से तनीषा, रक्षा एवं अक्षिता द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूँज उठा। कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। गत शैक्षणिक सत्र में कक्षा पहली से बारहवीं तक सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में चयनित 14 विद्यार्थियों, वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा यूनिसेफ के अंतर्गत करियर गाइडेंस के 11 कोर्स पूर्ण करने वाले 21 विद्यार्थियों को विधायक मनोज चौधरी द्वारा पुरस्कृत किया गया।



# प्रदेश का हर वर्ग परेशान, मुख्यमंत्री है जिम्मेदार



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र के पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव शुक्रवार दोपहर शाजापुर पहुंचे। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष जयंत सिकरवार के निवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। यादव ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। किसान, युवा, व्यापारी और कर्मचारी सभी सरकार की नीतियों से त्रस्त हैं। उन्होंने इंदौर में दूषित जल आपूर्ति से हुई घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और इसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर डाली। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी सरकार जिम्मेदारी लेने से बच रही है। सहकारी सहकारी समितियों के चुनाव को लेकर अरुण यादव ने कहा कि प्रदेश में लंबे समय से चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर चुनाव टाल रही है ताकि अपने लोगों को फायदा पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अच्छी खबर एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत वेदांश का बढ़ा हीमोग्लोबिन, जिला चिकित्सालय में हुआ उपचार

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह द्वारा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नवाचार भी किए जा रहे हैं। इसी के तहत कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की शुरूआत नवाचार की प्रारंभ की है। जिले में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत गंभीर एनीमिया से ग्रसित बच्चों का उपचार किया जा रहा है। इस अभियान में न केवल देवास जिले के निवासी बच्चों बल्कि अन्य जिलों से आये हुए बच्चों को भी रक्ताधान करा कर एनीमिया को कम करने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनकच्छ के राष्टीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के स्वास्थ्य दल के चिकित्सक डॉ समीर शेख एवं डॉ. अंबिका दुबे द्वारा नियमित भ्रमण के दौरान वेदांश पिता ओमप्रकाश तावनिया उम्र 1 वर्ष 13 दिन निवासी अवंतिपुर बडोदिया जिला शाजापुर (जो अपने मामा के यहां आया था) की जांच की गई। जांच में चिकित्सकों ने पाया कि वेदांश की गतिविधियां धीमी हैं।

मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर कुमार के निर्देशन में वेदांश के हीमोग्लोबिन की रिपोर्ट की गई जिसमें वेदांश का हीमोग्लोबिन 6 ग्राम दर्ज किया गया। जिसे गंभीर एनीमिया की श्रेणी में रखा गया और जिला चिकित्सालय देवास रैफर किया गया। जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में को-ऑर्डिनेटर श्रीमती ज्योति अहिरे एवं सोशल वर्कर श्री सीबी शर्मा के माध्यम से जिला चिकित्सालय देवास में 23 जनवरी 2026 को शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सतीश उइके की देखरेख में वेदांश को भर्ती किया गया। 24 जनवरी 2026 को वेदांश को 2 इकाई रक्ताधान किया गया। रक्त चढ़ाने के बाद शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आरसी वर्मा की निगरानी में 26 जनवरी 2026 को वेदांश के हीमोग्लोबिन की पुनः रिपोर्ट की गई जिसमें उसका हीमोग्लोबिन 11 ग्राम दर्ज किया गया। वेदांश की जिला चिकित्सालय देवास से छुट्टी की गई। सिविल सर्जन डॉ. आर पी परमार के निर्देशन में डॉ वर्मा एवं स्टाफ द्वारा वेदांश के परिजनों को वेदांश को आयरन युक्त पौष्टिक आहार खिलाने की सलाह दी गई। वेदांश के हीमोग्लोबिन के स्तर में आए सुधार के लिए बच्चे के परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया है।

# 50000 से अधिक फॉलोअर्स होने पर गाय माता के बीच पहुंचकर मनाया जश्न

## गाय माता को खिलाया हरा चारा केक काटकर मनाया जश्न



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया ग्राम मदाना गांव के कॉमेडी किंग श्री गोविंद सिंह वाघेला का इंस्टाग्राम पर 50000 से अधिक फॉलोअर्स होने के उपलक्ष में आज ग्राम मदाना गांव की गीतांजलि कामधेनु गौशाला पहुंचकर गाय माता को हरे चारे एवं चरी खिलाकर चरण स्पर्श किया साथ ही मित्रों के साथ गो माता के बीच मे केक काटकर फॉलोअर्स को लेकर जश्न मनाया या ग्राम मदाना गांव के युवा गोविंद सिंह वाघेला जिनकी इंस्टाग्राम पर गोविंद सिंह वाघेला के नाम से आईडी है इस पर आज 50000 से अधिक फॉलोअर्स हो चुके हैं वह कॉमेडी के साथ ही किसान हित के लिए एक से बढ़कर एक वीडियो बनाते हैं अभी जनवरी माह में करीब एक दर्जन से अधिक वीडियो रोजड़े के साथ जो वायरल हुए हैं जिनका व्यू करोड़ों में पहुंच चुके हैं मैं अपनी डमी स्टाइल से ऐसे वीडियो बनाते हैं कि ग्राम मदाना सहित देश दुनिया के लोग उनकी आईडी खोलकर उन्हें फॉलो करते हुए दिखाई दे रहे हैं हर महीने में बड़ी संख्या में फॉलोअर्स की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है जबकि वीडियो बनाने से लेकर आज तक एक वर्ष पूर्ण हुआ है जिसमें 50000 से अधिक फॉलोअर्स कंप्लीट हो चुके हैं

सोशल मीडिया पर लोग दिल खोल कर दे रहे हैं बधाई - कॉमेडी किंग गोविंद सिंह वाघेला के फुटेज और अन्य वीडियो के साथ लोग उन्हें उनके निवास पहुंचकर बधाई दे रहे थे इसको लेकर पत्रकारों ने उक्त कॉमेडी किंग गोविंद सिंह वाघेला के विडियो सोशल मीडिया पर भी डाला था जहां लोग दिल खोलकर सोशल मीडिया की हर एक प्लेटफार्म पर बधाई भी दे रहे हैं।

श्रमजीवी पत्रकार संघ ने दी बधाई - शाजापुर जिले के ग्राम मदाना गांव के निवासी गोविंद सिंह बाघेला दिनों सोशल मीडिया की हर एक प्लेटफार्म पर हम लोगों की पहली पसंद बन चुके हैं वह लोगों को हंसाने में गुदगुदाने के लिए एक से बढ़कर एक हंसी मजाक की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं जिन्हें लोग लाखों में देखते हैं 50000 फॉलोअर्स कंप्लीट हो जाने के बाद उनके वीडियो को करोड़ों में व्यू मिल रहे हैं जहां गोविंद वाघेला की सादगी के हर कोई दीवाने हो गए हैं जिसके बाद आज उनके निवास पर पहुंचे पत्रकारों ने अपने श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई शाजापुर की ओर से कॉमेडी किंग को बधाई दी है

जिले वासियों ने भी दी बधाई - रोजाडा संघ गोविंद सिंह वाघेला द्वारा हंसी मजाक के लिए बनाया जा रहे हैं वीडियो इन दिनों आम लोगों की जुबान पर सिर चढ़कर बोलने लगा है हर कोई गोविंद सिंह को सोशल मीडिया पर लाइक करते हुए दिखाई दे रहे हैं जहां लोग लाखों की संख्या में उनके इंस्टाग्राम आईडी को शेर एवं लाइक भी कर रहे हैं

हर व्यक्ति करते हे लाइक सभी को धन्यवाद - कॉमेडी किंग गोविंद सिंह वाघेला ने बताया कि मैं किसानों के फसल में नुकसान करने वाले रोजडे एवं हिरण सहित अनेक जानवरों के साथ डमी कर के वीडियो बनाता हूं जो की सुपर हिट हुआ है 12 माह में आज 50000 फॉलोअर्स पूर्ण हुए हैं वरिष्ठ पत्रकार अमर सिंह मेवाडा करणी सेना परिवार के भगवान सिंह राजपूत सहित अनेक मित्रों की मौजूदगी में गाय माता के बीच पहुंचकर गाय माता के चरण स्पर्श कर हमसे आशीर्वाद लिया और केक काटकर इसका जश्न मनाया

## नगर कांग्रेस व ब्लॉक कांग्रेस द्वारा विधायक कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर कांग्रेस व ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आज विधायक कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी व उनके बताएं मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला संगठन महासचिव परितोष सिंह राठौड़ बंजी बना, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निरंजन सिंह पवार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश होती, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन जैन फुलजी बा, श्याम अग्निहोत्री, जिला पंचायत सदस्य अशोक डावर, जिला पंचायत प्रतिनिधि निर्देश सोनगरा, पार्षद जगदीश पाटीदार, विधायक प्रतिनिधि राम सीरवी, विनोद शर्मा, जमील कुरेशी ,अनूप जैन, देवेंद्र सिंह पवार, उमेश पाटीदार, महेंद्र सिंह झाला, अतुल बाफना, अब्दुल खालिद बादशाह, राजेंद्र जाट,आशीष जोशी, जगदीश डावर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। जानकारी विधायक प्रतिनिधि कैलाश गुप्ता द्वारा दी गई।

## मिड मालवा स्कूल में शहीद स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि एवं शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर मिड मालवा स्कूल में भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने देश के ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था संचालक नवीन चौहान ने महात्मा गांधी के जीवन, विचारों एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार क्रांतिवीरों और स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश को आज़ादी दिलाई। उन्होंने कहा कि शहीद स्मृति दिवस उन सभी वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है, जिन्होंने देश की आज़ादी और सुरक्षा के लिए अपने प्राण अर्पित किए। यह दिन हमें त्याग, बलिदान और देशभक्ति की भावना से जोड़ता है। कार्यक्रम में हेड गर्ल दीक्षा पुरोहित, हेड बॉय पुखराज रिंगोदिया, डिप्टी हेड बॉय-गर्ल तन्मय सिंगड एवं राशि दांगी, कल्चरल कैप्टन व वाइस कैप्टन वेदिका दांगी तथा आदर्श चौहान सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## गर्ग अग्रवाल महासभा के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त





**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया अग्रवाल समाज की राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत रजिस्टर्ड संस्था अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के जिला अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष पंकज मित्तल की सहमति से कालापीपल के वरिष्ठ समाजसेवी महेश गर्ग को महासभा में शाजापुर जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है गर्ग की नियुक्ति पर कालापीपल नगर परिषद अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल अनिल गर्ग शिवकुमार अग्रवाल पुरुषोत्तम गर्ग गोविंद गर्ग मुकेश गर्ग, पत्रकार राकेश अग्रवाल गोविंद मामा सुनील गर्ग अनिल अग्रवाल एवं कालापीपल सभी समाज जनों ने हार्दिक बधाइयां दी है।

## एकादशी पर ताली कीर्तन में किया श्याम नाम का गुणगान



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया जया एकादशी के अवसर पर बुधवार को नगर के शनि धाम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर अल सुबह से ही दर्शनों के लिए भक्तों का ताता लगा रहा कड़कड़ाती ठंड के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नही हुआ इस दौरान फूलों से बाबा का आकर्षक श्रंगार किया गया मंदिर के पुजारी पंडित हेमंत शर्मा रवि शर्मा द्वारा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए दोपहर 3ः00 बजे एकादशी ताली कीर्तन महिला मंडल द्वारा बाबा की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर ताली कीर्तन के माध्यम से श्याम नाम का गुणगान किया गया एवं बाबा को 56 भोग अर्पित किया गया दोपहर 3ः00 बजे श्री श्याम दीवाने मित्र मंडल के मोहित माली के संयोजन में मां अन्नपूर्णा मंदिर से श्री श्याम निशान यात्रा निकाली गई श्याम प्रेमी हाथों में निशान लेकर जय श्री श्याम के जयकारे करते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंचे जहां पर बाबा को निशान अर्पित कर नगर क्षेत्र देश में खुशहाली की मंगलकामना की।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांलजि अर्पित कि गई



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के आव्हान पर शहर कांग्रेस व कांग्रेस के समस्त संगठन द्वारा पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांलजि अर्पित कर अतिवृष्टि एवं तेज हवाओं के कारण क्षेत्र के किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट होने व अन्नदाता आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर होता देख महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौप कर अवगत कराया की किसानो को तत्काल नष्ट फसलों का सर्वे (गिरदावरी) करवाकर किसानों को राहत राशि मुआवजा प्रदान किया जाए।

नगर से दूर कजलाना में नवनिर्मित शासकीय अस्पताल की दूरी के कारण महिलाओं को प्रसूति हेतु भारी असुविधा हो रही है। अतः नगर के भीतर ही प्रसूति व्यवस्था एवं एक इमरजेंसी वार्ड अनिवार्य रूप से रखा जाए। साथ ही, पूर्व विधायक मुरली मोरवाल द्वारा स्थापित लाखों की लागत का ऑक्सीजन प्लांट भी इसी परिसर में है, जिसका लाभ नगरवासियों को तभी मिल सकेगा जब अस्पताल की मुख्य सेवाएं नगर में संचालित हों। नगर में सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए ष ह्ल1 कैमरे और सूचना प्रसारक स्पीकर लंबे समय से बंद पड़े हैं। इनके बंद होने से अवैध गतिविधियों में वृद्धि हो रही है। जनहित में इन्हें तत्काल चालू किया जाए ताकि कानून व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। नगर की जनता के नामांतरण के मामले विगत कई माह से अनावश्यक कारणों से लंबित पड़े हैं। इस प्रशासनिक देरी से जनता परेशान है, अतः समय सीमा में इनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना, जो ग्रामीण रोजगार का मुख्य आधार है, उसका नाम बदलना अनुचित है। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए मनरेगा का नाम यथावत रखा जाए। राजनीतिक दबाव के चलते निर्वाचन क्षेत्र के कई वैध मतदाताओं के नाम प्रारूप-7 का गलत उपयोग कर हटा दिए गए हैं। यह लोकतंत्र के विरुद्ध है। इसकी तत्काल उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाए और पात्र मतदाताओं के नाम पुनः जोड़े जाए साथ ही आवारा पशुओं से नगर की जनता को हो रही परेशानी से मुक्त कराने की मुहिम चलाकर उचित निराकरण करने की मांग को लेकर नारेबाजे कर ज्ञापन सौपा।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, रामलाल माली, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी, मनोहरलाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष मौलाना अजहर उद्दीन, पार्षदपति फकिर मोहम्मद, अमित जाट, एडव्होकेट मथुरालाल यादव, एडव्होकेट करण राठोड़, एडव्होकेट निलेश शर्मा, राधेश्याम यादव, अखलाक शेख, वासिफ काजी, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राहुल सोलंकी, रामचन्दर धबाई, सुरेन्द्र पटेल, वनिषराज कटारिया, चॉद खा, दिनेश सनोलिया सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## धरावरा में मानस सम्मेलन एवं श्रीमद् भागवत कथा 22 फरवरी से



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** धार रोड़ स्थित धरावरा धाम में मानस सम्मेलन एवं श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन 22 फरवरी से 28 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। साकेतवासी महंत घनश्याम दास जी महाराज के 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भागवत मनीषी पंडित बृजकिशोर नागर के मुखारविंद से कथा का रसास्वादन होगा। कथा में 25 गांव के श्रद्धालुओं की भागीदारी रहती है। मानस सम्मेलन एवं कथा को लेकर धरावरा धाम में महंत शुकदेवदास जी महाराज के सानिध्य में धरावरा धाम भक्त मंडल न्यास की बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न समितियां एवं कार्यक्रम को लेकर के योजना बनाई गई। बैठक में समाजसेवी नाथूराम चौधरी को मुख्य यजमान मनोनीत किया गया है। बैठक में कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुरेश चोपड़ा, ललित अग्रवाल स्वागत अध्यक्ष कल्याण भाँगड़िया, समिति अध्यक्ष दिनेश गर्ग, महामंत्री अशोक कुमावत, कोषाध्यक्ष प्रवीण मोहन चौधरी, प्रकाश पटेल, मनोहर चौधरी, ताराचंद खंडेलवाल, नीलेश उपाध्याय, देवेंद्र सांखला, डॉक्टर कमलेश गर्ग, नवनीत, सुरेश बजाज आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## PWD की तानाशाही योजना के खिलाफ शिवसेना का आक्रोश

### मुख्य मार्ग पर 10 फीट डिवाइडर जनता पर थोपना बर्दाश्त नहीं



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** नगर के प्रमुख मार्ग गंधर्व तलाई से कोर्ट चौराहा तक लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में लगभग 10 फीट चौड़े डिवाइडर की योजना को लेकर शिवसेना एवं नगरवासियों में भारी आक्रोश है।

शिवसेना नेताओं ने साफ शब्दों में कहा कि यह मार्ग पहले से ही संकरा है और इसके दोनों ओर घनी आबादी, दुकानें व आवासीय क्षेत्र स्थित हैं। ऐसी स्थिति में 10 फीट चौड़ा डिवाइडर बनाना जनविरोधी, अव्यावहारिक और अदूरदर्शी निर्णय है। इससे सड़क की वास्तविक चौड़ाई खत्म हो जाएगी, जिससे रोज़ाना जाम, एंबुलेंस व आपातकालीन वाहनों की आवाजाही बाधित होगी और आम नागरिक परेशान होंगे।

शिवसेना ने आरोप लगाया कि PWD बिना ज़मीनी हकीकत देखे योजनाएं थोप रहा है। यदि विभाग को यातायात सुधार की ही चिंता है, तो 3 से 4 फीट चौड़ा डिवाइडर पर्याप्त है, जिससे ट्रैफिक भी नियंत्रित रहेगा और जनता को राहत भी मिलेगी।

इस संबंध में शिवसेना युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रभात पुरानिया, प्रदेश सचिव अनिल जोशी, नगर अध्यक्ष संतोष बगेरवाल के नेतृत्व में अनिल नागर, ललित जी सहित बड़ी संख्या में शिवसेनिक व आम नागरिकों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। सभी ने एक स्वर में कहा कि जनता की सहमति के बिना इस तरह के निर्णय थोपना लोकतंत्र के खिलाफ है। शिवसेना ने लोक निर्माण विभाग को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 10 फीट डिवाइडर की जनविरोधी योजना पर तुरंत रोक लगाकर 3ङ्क4 फीट डिवाइडर का संशोधित प्रस्ताव लागू नहीं किया गया, तो शिवसेना सड़क से लेकर कार्यालय तक उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विभाग की होगी।

## दुर्घटना में मृतक शिक्षक के परिजनों को मिला 1 करोड़ से अधिक का मुआवजा

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बदनावर, जिला धार के न्यायाधीश श्री जी.सी. मिश्रा द्वारा वाहन दुर्घटना में मृतक शिक्षक दीपक पाटीदार के परिजनों को 1,19,00,000/- रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया गया है। यह राशि नेशनल इन्श्योरेंस बीमा कम्पनी, उज्जैन द्वारा अदा की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, धार में पदस्थ शिक्षक दीपक पाटीदार निवासी ग्राम तिलगारा, तहसील बदनावर, जिला धार दिनांक 10/04/2024 को मोटर सायकल से अपने गांव लौट रहे थे।

इसी दौरान बदनावर से आगे डोकल्या पाड़ा के पास सामने से आ रही कार के चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटर सायकल को टक्कर मार दी।

दुर्घटना के बाद गंभीर रूप से घायल दीपक पाटीदार को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इसके पश्चात उनके परिजनों द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में क्षतिपूर्ति हेतु दावा प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई उपरांत मृतक शिक्षक दीपक पाटीदार के वैध वारिसानों को बीमा कम्पनी से 1,19,00,000/- रुपये क्षतिपूर्ति एवं इस राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दिलाए जाने के आदेश पारित किए।

उक्त प्रकरण में मृतक के परिजनों की ओर से श्री पंकज पाटीदार, अधिवक्ता बदनावर एवं श्री मुकेश पाटीदार, अधिवक्ता बदनावर तथा सहयोगी अधिवक्ताओं द्वारा पैरवी की गई।

यदि दुर्घटना के समय वाहन बीमित नहीं होता अथवा चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होता, तो सम्पूर्ण क्षतिपूर्ति राशि वाहन स्वामी एवं चालक को स्वयं अदा करनी पड़ती। अतः सभी वाहन चालकों से अपील है कि वाहन का बीमा एवं वैध लाइसेंस प्राप्त करने के पश्चात ही वाहन का संचालन करें।

## औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का विभागीय अधिकारी करें तत्परता से निराकरण

**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में संचालित विभिन्न उद्योगों एवं शासन के विभागों के बीच समन्वय एवं उद्योगों की समस्याओं के निराकरण के लिये जिला लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक एमपीआईआईडीसी की कार्यकारी संचालक श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एमपीआईआईडीसी कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुई बैठक में उद्योग विभाग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।


लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक में जिले में संचालित विभिन्न उद्योगों से संबंधित प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न विभागों के समन्वय से किए जाने वाले कार्यों की विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकारी संचालक श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आद्योगिक क्षेत्र की जो भी समस्यायें हैं उनके निराकरण का कार्य तत्परता से किया जाए। औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों से भी विभागीय अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य को गति प्रदान करें।

## रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रह



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** भारतीय जनता युवा मोर्चा बड़नगर (ग्रामीण) के सक्रिय कार्यकर्ता राकेश यादव (बना) के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में उनके इष्ट मित्रों एवं सहयोगियों द्वारा 51 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में युवाओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।शिविर में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक शांतिलाल धबाई, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष मुन्ना नागर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, पार्षद यादवेंद्र यादव, पार्षद व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आनंद अनावड़िया, जनपद सदस्य झुजारसिंह राठौड़, जनपद सदस्य अखिलेश बारोड, भाजपा नेता सुमित यादव, सरपंच राजेश धाकड़ सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने रक्तदान को जीवनदायी सेवा बताते हुए युवाओं से निरंतर सामाजिक कार्यों में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की जानकारी राहुल यादव (भाजपा ग्रामीण महामंत्री) एवं जलोदिया सरपंच मनोहर धबाई द्वारा दी गई।

## सुंदराबाद चौपाटी पर विशाल भजन संध्या का आयोजन 31 जनवरी शनिवार को



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री मंशापूर्ण हनुमान जी मंदिर सुंदराबाद चौपाटी पर श्री श्री 1008 साकेतवासी श्री कृपाशंकर जी पांडे महाराज जी की 20 वी पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 31 जनवरी 2026 शनिवार को सायं 6 बजे से विशाल भजन संध्या एवं महाप्रसादी भंडारे का आयोजन लोकप्रिय विधायक श्री जितेंद्र उदयसिंह पंड्या के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए समिति के विनोद पंड्या ने बताया की कार्यक्रम के अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर अंतरसिंह देवड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला उमरावसिंह राठौड़, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, जनपद प्रतिनिधि सुनील यादव, मंडल भाजपा अध्यक्षगण विजयराज सिंह चिरोला, महेश हरोड़, मुकेश व्यास, नवीन राठौड, इंद्रपाल सिंह पंड्या एवम ग्राम पंचायत सुंदराबाद सरपंच श्रीमती ज्योति पंड्या अजय पंड्या सजग होंगे। इस विशाल भजन संध्या में अंशुल शर्मा, मयूर खरे, राजू राणा उस्तादजी, पंडित यश कौशिक, कीर्तेश शुक्ला सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे, बैंजो पर कृष्णा बैरागी, की बोर्ड पर अमन दुबे तबला पर धर्मु राव संगत करेंगे। श्री मंशापूर्ण हनुमान जी मंदिर समिति सुंदराबाद ने आयोजन में पधारकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## ग्राम कंकराज में पुरस्कार वितरण, सम्मान समारोह एवं सदस्यता अभियान का शुभारंभ



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं बैडमिंटन क्लब, शासकीय चिकित्सालय बड़नगर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कंकराज में भव्य रूप से आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण, सम्मान समारोह तथा सदस्यता अभियान की संयुक्त रूप से शुरुआत की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उदय कुमार अग्निहोत्री (वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी) रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ कर्मचारी नेता देवीदास मुलचंदानी ने की। विशेष अतिथि के रूप में सांची दुग्ध संघ कंकराज के अध्यक्ष शंकरलाल वर्फा, डॉ. विजय कुमार मालवीय, डॉ. पल्लवी सोलंकी उपस्थित रहे।अतिथियों का स्वागत पुष्पमालाओं, दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। स्वागत भाषण मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल वर्फा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि सिविल हॉस्पिटल बड़नगर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्षभर तनावमुक्त रखने हेतु सहज योग, ध्यान, बैडमिंटन, क्रिकेट, राष्ट्रीय पर्व एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाता है।गत माह अभिभाषक संघ एवं अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में डॉ. विजय मालवीय के नेतृत्व में सिविल हॉस्पिटल टीम ने भाग लिया, जिसमें डॉ. सुयश श्रीवास्तव ने तीन गेंदों पर तीन विकेट लेकर हैट्रिक बनाई तथा मैन ऑफ द मैच का खिताब प्राप्त किया। इसी क्रम में कन्हैयालाल वर्फा ने राज्य स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर सिविल हॉस्पिटल का नाम गौरवान्वित किया। बैडमिंटन डबल्स प्रतियोगिता में डॉ. शिवम जाट एवं बालकृष्ण प्रजापत की जोड़ी विजेता रही, जबकि डॉ. अनंगपाल सिंह तोमर एवं पंकज चौरसिया की टीम उपविजेता रही। इन सभी खिलाड़ियों का सम्मान और पुरस्कार वितरित किए गए।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री ने किया विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री कार्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण

## उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएँ देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री कार्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण गुरुवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नेहा मीना विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि बचपन से उनका इस क्षेत्र से जुड़ाव रहा है और उन्होंने यहाँ के कार्यालय को निकट से देखा है। पुराने कार्यालय भवन का भी भविष्य में जनहित के कार्यों में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधीक्षण यंत्री कार्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण प्रसन्नता का विषय है, जिससे विभागीय कार्य व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

उन्होंने बताया कि पेटलावद क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ने के साथ कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसके चलते बिजली की मांग में भी वृद्धि हुई है। ट्रांसफार्मर, ग्रिड एवं अन्य आवश्यकताओं से संबंधित सभी प्रस्ताव उनके संज्ञान में हैं। शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और आगामी वर्ष में आवश्यक स्वीकृतियाँ प्रदान कर किसानों को बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि नवीन भवन के लोकार्पण से विद्युत वितरण कंपनी को एक आधुनिक एवं सुसज्जित कार्यस्थल प्राप्त हुआ है, जिससे कार्य दक्षता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय के माध्यम से उपभोक्ताओं और किसानों की बिजली संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण, बेहतर समन्वय एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित की जा सकेगी। आमजन अपनी समस्याओं को लेकर सीधे कार्यालय पहुँच सकेंगे, जिससे शिकायत निवारण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी।

कलेक्टर ने भवन के कुशल रखरखाव पर भी जोर देते हुए कहा कि निर्माण के साथ-साथ स्वच्छता, सुरक्षा एवं मेंटेनेंस बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष श्री भानु भूरिया ने अपने संबोधन में कहा कि परिसर की अनुकूल व्यवस्था एवं बैठक सुविधाएँ कार्य वातावरण को सकारात्मक बनाती हैं, जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सुसज्जित भवन का निर्माण हुआ है और इससे ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे-छोटे उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। लोकार्पण उपरांत मुख्य अतिथियों द्वारा नवीन भवन का निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री भास्कर गाचले, तहसीलदार, अधीक्षण यंत्री श्री डी.एस. राजपूत, कार्यपालन यंत्री श्री महेन्द्र पंवार, श्री सुखदेव मंडलोई, श्री पुरुषोत्तम वैरागी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री कमलेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने किया कालापान एवं उमरिया वैजंत्री बैराज योजनाओं का भूमिपूजन



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग भोपाल द्वारा स्वीकृत जिले की दो महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं कालापान बैराज एवं उमरिया वैजंत्री बैराज का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनीता चौहान, विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया, जिला अध्यक्ष श्री भानु भूरिया, राणापुर जनपद अध्यक्ष श्रीमती निर्मला भूरिया, जिला पंचायत सदस्य श्री विजय भाबोर, जिला पंचायत सदस्य श्री बहादुर हटीला सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, ग्रामवासी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। तहसील राणापुर, जिला झाबुआ अंतर्गत 414.41 लाख की लागत से कालापान बैराज योजना का भूमिपूजन किया गया। बैराज की जल ग्रहण क्षमता 0.89 मिलियन घनमीटर है, जिससे लगभग 300 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित होगी। इस योजना से ग्राम कालापान, नाड, गवसर एवं दोतड़ के कुल 369 कृषक लाभान्वित होंगे। इसी प्रकार तहसील झाबुआ अंतर्गत ?543.50 लाख की लागत से उमरिया वैजंत्री बैराज योजना का भूमिपूजन किया गया। बैराज की जल ग्रहण क्षमता 1.07 मिलियन घनमीटर है, जिससे 380 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इस परियोजना से ग्राम उमरिया वैजंत्री एवं सजवानी छोटी के 413 कृषक लाभान्वित होंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि इन सिंचाई परियोजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्र के किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी तथा किसानों की आय में सुधार आएगा। इन सिंचाई परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र के सैकड़ों कृषकों को लाभ मिलेगा एवं जिले के कृषि विकास को नई गति प्राप्त होगी। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग श्री विपिन पाटीदार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 30 जनवरी 2026 स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय झाबुआ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. बघेल, सिविल सर्जन डॉ.एम.एल. मालवीय, जिला कुष्ठ अधिकारी झाबुआ डॉ.एन. के. पठान, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र भायल, रेडियोलॉजी डॉ. शैलेक्षी वर्मा, समस्त चिकित्सा अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तदोपरांत संकल्प एवं अपील का वाचन कर, निर्धारित समय पर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में सरपंच के माध्यम से ग्रामीणों की उपस्थिति में संकल्प तथा अपील का वाचन किया जाएगा।

जिलें में 31 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक कुष्ठ पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा जिसमें आशा, आंगनवाड़ी व क्षेत्रीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा घर-घर भेंट देकर कुष्ठ रोग के बारे में आमजन में व्याप्त छुआछूत की भांती को दूर करने हेतु समूह चर्चा, रैली, हेल्दी कांटेक्ट, स्कूल सर्वे तथा जल-तेल उपचार (पी.ओ.डी.) स्कीन कैम्प आयोजित कर छिपे हुए रोगियों का सत्यापन कर जाँच उपचार (एम.डी.टी.) की सीमा लाकर लाभांवित किया जाएगा।

# नारकोटिक्स एवं नशीली दवाओं की रोकथाम को लेकर कलेक्टर ने नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन समिति की बैठक ली



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं के अवैध उपयोग, भंडारण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नशे की रोकथाम, कानून प्रवर्तन, औषधीय दवाओं की निगरानी तथा जन-जागरूकता से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर नेहा मीना ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नशीले पदार्थों के विरुद्ध प्रशासनिक एवं पुलिस स्तर पर निरंतर एवं संयुक्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने जिले में नियमित चेकिंग अभियान चलाने, विशेषकर शेड्यूल 'एक्स' श्रेणी की दवाओं के क्रय-विक्रय, भंडारण एवं वितरण की सघन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि विगत माह किए गए निरीक्षणों के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 2 लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संयुक्त दल गठित कर शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर की परिधि में स्थित दुकानों की नियमित एवं सघन जांच की जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि विद्यालय, महाविद्यालय एवं छात्रावासों के आसपास किसी भी प्रकार के नशीले अथवा मादक पदार्थों की उपलब्धता पूर्णतः प्रतिबंधित रहे।

नशे की लत से ग्रसित व्यक्तियों के पुनर्वास एवं नशामुक्ति के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि रोकथाम एवं सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाना भी आवश्यक है। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के समन्वय से निरंतर जन-जागरूकता कार्यक्रम, शिविर एवं संवादात्मक गतिविधियां संचालित की जाएं, जिनमें नशीली दवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए।

पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह ने बैठक में कहा कि एनसीओआरडी के अंतर्गत पुलिस द्वारा की जाने वाली सूचनात्मक, खुफिया एवं वैधानिक कार्यवाहियों को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रतिपाल सिंह महोबिया सहित स्वास्थ्य, औषधि नियंत्रण, सामाजिक न्याय, शिक्षा एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शहीदों की स्मृति में मौन एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल बड़वानी में 30 जनवरी को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप मौन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा शहीदों के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सियाराम मोरे द्वारा प्राचार्य श्री संतोष मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने एवं समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने भी नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई, जिसमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुरूप ब्लैक स्पॉट, सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, चालानी कार्यवाहियां, हिट एंड रन प्रकरण तथा सुधारात्मक कार्यवाहियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में अवगत कराया गया कि मंत्रालय के मानकों के अनुसार विगत तीन वर्षों की दुर्घटना जानकारी के विश्लेषण के आधार पर वर्ष 2025 में ग्राम बोरवा गट्टू घाटी (कुशलगढ़ मार्ग) एवं छापरी फाटा थाना कालीदेवी को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। साथ ही मोर्थ की गाइडलाइन अनुसार फूलमाल फाटा क्षेत्र में विगत तीन वर्षों में 10 सड़क दुर्घटनाएं घटित होने के कारण उसे ब्लैक स्पॉट घोषित किए जाने हेतु प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे समिति द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

बैठक में जानकारी दी गई कि 1 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक जिले में कुल 86 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें 8 व्यक्तियों की मृत्यु एवं 96 व्यक्ति घायल हुए हैं। इस अवधि में यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 1652 चालानी कार्यवाहियां की गईं।

हिट एंड रन प्रकरणों के संबंध में जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती कृतिका मोहटा द्वारा बताया गया कि कुल 19 प्रकरणों में से 8 प्रकरणों में मुआवजा भुगतान किया जा चुका है, 6 नये प्रकरण प्राप्त हुए हैं तथा 3 प्रकरणों में वाहन ज्ञात होने पर उन्हें निरस्त किया गया है।

कलेक्टर नेहा मीना ने केशलेस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के समस्त निजी अस्पतालों की बैठक आयोजित कर उन्हें आयुष्मान कार्ड एवं केशलेस योजनान्तर्गत इम्पैनल्ड कराना सुनिश्चित करें, ताकि दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध हो सके।

कलेक्टर के निर्देशानुसार सुधारात्मक कार्यवाहियों के अंतर्गत कृषि मंडी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के सामने उत्पन्न यातायात समस्या का चिन्हांकन किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि झाबुआ नगर क्षेत्र में अस्थाई पार्किंग हेतु उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन कर व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था की जाए। साथ ही गांधी प्रतिमा के पीछे स्थित पार्किंग स्थल की साफ-सफाई कर उसे सुव्यवस्थित किए जाने हेतु नगर पालिका को निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त राजगढ़ नाका से पारा फाटा के मध्य डिवाइडर की मरम्मत कराए जाने तथा नेशनल हाईवे पर टिमरवानी गुजरात बॉर्डर मार्ग के ऑपरेशनल नहीं होने की स्थिति में उसे तत्काल बंद कराए जाने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिए गए।

पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह ने निर्देशित किया कि जिले की मुख्य सड़कों एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सघन चालानी कार्यवाही की जाए, ओवरस्पीडिंग, नशे में वाहन चलाने एवं बिना हेलमेट/सीट बेल्ट के मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके।

बैठक में यातायात विभाग द्वारा ट्रैक्टर, डम्पर एवं अन्य लोडिंग वाहनों के पीछे रेडियम लगाए जाने की की गई कार्यवाही की सराहना की गई तथा इस अभियान को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रतिपाल सिंह महोबिया सहित यातायात, परिवहन, स्वास्थ्य, नगर पालिका एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गांव एवं विकासखण्ड स्तर पर प्रारंभ हुआ मिशन सिकल सुरक्षा अभियान



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में सिकल सेल एनीमिया मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान मिशन सिकल सुरक्षा की शुरुआत शुक्रवार 30 जनवरी से से की गई । इस अभियान के अंतर्गत गांव एवं विकासखण्ड स्तर पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सिकल सेल मरीजों के एचपीएलसी टेस्ट के लिए रक्त के नमूने लेने की प्रक्रिया शुरू की गई । इस विशेष अभियान के तहत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओ) द्वारा गांवों के उप-स्वास्थ्य केंद्रों और विकासखण्ड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित समय सारणी अनुसार शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरो के माध्यम से मरीजों के खून के नमूने लिए जाएंगे ताकि उनकी दिव्यांगता का सटीक प्रतिशत ज्ञात किया जा सके। एक ही छत के नीचे मिलेगी सुविधा अक्सर मरीजों को प्रमाण पत्र और पेंशन के लिए भटकना पड़ता है, लेकिन इस अभियान के तहत एचपीएलसी टेस्ट के आधार पर दिव्यांगता का प्रतिशत निर्धारित किया जाएगा।

## सुरक्षा भावना एवं प्रशासन के साथ सहयोग को मजबूत करने के लिए एसडीएम मेघनगर ने देवीगढ़ किया संवाद



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार 26 जनवरी 2026 को सायं 4 बजे ग्राम देवीगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी अवंधती प्रधान, अनुभाग मेघनगर की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण संवाद का आयोजन किया गया।

संवाद में ग्रामीणों को बताया गया कि ग्राम या ग्राम के आसपास यदि किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि अथवा अवैध कार्य की जानकारी प्राप्त हो, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस अथवा प्रशासन को देना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त ग्राम सजेली नान्या में पूर्व में हुई गोकशी की घटना का उल्लेख करते हुए बताया गया कि यदि भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना या अन्य अवैध गतिविधि होती है, तो उसकी सूचना बिना विलंब प्रशासन को देना अनिवार्य है।

साथ ही ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचने के उपायों, नशा मुक्ति के महत्व तथा यातायात सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से नई पीढ़ी को सुरक्षित तरीके से बाइक चलाने, हमेशा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के निर्देश दिए गए।

# जिले में हो रहा है क्लस्टर अनुश्रवण शिविर का सफल आयोजन



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अक्सर देखा जाता है कि दूर-दराज के क्षेत्रो में रहने वाले ग्रामीण और वंचित वर्ग के लोग जानकारी या संसाधनो के अभाव में सरकार की योजनाओं से अछूते रह जाते है। जिले के दुरस्थ क्षेत्रों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने एवं समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले की विभिन्न जनपद पंचायतो के विभिन्न क्लस्टरो में नियमित रूप से क्लस्टर अनुश्रवण शिविरों एवं विद्यादान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के आयोजन से सेवाओं को नागरिकों के घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है जो कि सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। जब प्रशासन खुद चलकर जनता की चौखट तक पहुंचता है तो न केवल जनसमस्याओं का समाधान होता है। बल्कि आम नागरिक और शासन के बीच विश्वास का एक नया सेतु भी निर्मित होता है। अब तक जिले की 174 पंचायतों में कुल 5 क्लस्टर अनुश्रवण शिविरों का सफल आयोजन किया जा चुका है। इन शिविरों में 8 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। इन शिविरों में प्रत्येक पंचायत में सेक्टर अधिकारी, टीम घर-घर जाकर / शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से संबंधित समस्याओं / शिकायतों को रजिस्टर में पंजीबद्ध कर मौके पर निराकृत होने वाली शिकायतो को तत्काल एवं अन्य का निर्धारित समय सीमा में निराकृत किया गया है। सफलता की कहानियाँ 1. जनपद पंचायत सेंधवा में शिविर में ग्राम पंचायत झोपाली की 8 वर्षीय कुमारी विनिता और 4 वर्षीय तृशा कन्नौजे का सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत बचत खाता खोला गया ।

# नगरवासियों ने लिया सामूहिक संकल्प कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने नशामुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर जिला झाबुआ नेहा मीना के निर्देशन में महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि 30 जनवरी 2026 को ÷मद्य निषेध संकल्प दिवस÷ के अवसर पर युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों में बढ़ती मद्यपान एवं मादक पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति की रोकथाम तथा इससे होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से झाबुआ नगर में वृहद नशामुक्ति रथ के साथ रैली का आयोजन किया गया।

कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह द्वारा नशामुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर नगर को नशामुक्त बनाने हेतु नगरवासियों से नशा त्यागने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत झाबुआ श्री जितेन्द्र सिंह चौहान सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे। नशामुक्ति रथ नगर में भ्रमण कर नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराएगा।

मद्य निषेध संकल्प दिवस के अवसर पर नशामुक्ति रथ रैली को हरी झंडी दिखाने के पश्चात कलेक्टर परिसर में कलेक्टर नेहा मीना द्वारा कु. रमिला सकरु हटिला, निवासी समोई तहसील राणापुर एवं श्री हरीश पिता मडिया भाबोर, निवासी भोडली पोस्ट बन तहसील राणापुर को पेट्रोल चलित वाहन प्रदान किए गए।

नशामुक्ति रैली कलेक्टर परिसर से प्रारंभ होकर डीआरपी लाइन, कालका माता मंदिर होते हुए राजवाड़ा चौक पर समाप्त हुई। राजवाड़ा चौक पर उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री पंकज सावले द्वारा उपस्थित नगरवासियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

आयोजन को सफल बनाने में सामाजिक न्याय विभाग, गायत्री परिवार, ब्रह्माकुमारी संस्था, जन अभियान परिषद, एनसीसी कैडेट्स, नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं एवं नगरवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।


## कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन

छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन

-: (online) निविदा आमंत्रण सूचना :-

विज्ञप्ति क्रं/166 /Workshop/E-tender/2026 — उज्जैन दिनांक :- 29/01/26

निम्नांकित कार्य के लिए (Online) - निविदा क्रमांक 2026_UAD_478734_1 आमंत्रित की जाती हैं, तथा टेन्डर फार्म राशि 5,000/- रहेगा।

निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 27.02.2026 समय 18:00 ऑनलाईन एवं समरत दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 27.02.2026 समय 18:00 रहेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदी उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकशित नहीं की जावेगी।

| क्रं. | टेडंर फार्म का मूल्य | कार्य का नाम | अनुमानित लगत | अर्नेस्टमनी रू. | पमयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 1 | 5000/- | Supply & Commissioning of 02 Nos. Hearse Vehicle | 40,00,000/- | 30,000/- | 60 दिवस |

कार्यपालन यंत्री, वर्कशॉप
नगर पालिक निगम उज्जैन
उज्जैन दिनांक :- 29/01/26


मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# महाकाल मंदिर में शुरू हुई महाशिवरात्रि की तैयारियां, 7 फरवरी से शुरू होंगे नौ दिवसीय उत्सव

## 15 फरवरी को महाशिवरात्रि, रोज दूल्हा रूप में सजेंगे महाकाल; 16 को सेहरा दर्शन और भस्मारती के साथ समापन



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस वर्ष महाशिवरात्रि 15 फरवरी को मनाई जाएगी। इसके पहले 7 फरवरी से मंदिर में उत्सवों की शुरुआत होगी। नौ दिनों तक भगवान महाकाल को अलग-अलग स्वरूपों में सजाकर दूल्हा बनाया जाएगा। उत्सव का समापन 16 फरवरी को सेहरा दर्शन और दोपहर की भस्मारती के साथ होगा।

मंदिर प्रशासन ने तैयारियों का कार्यक्रम तय कर दिया है। गर्भगृह, चांदी द्वार और नंदी हाल में लगी चांदी की सफाई का काम 1 फरवरी से शुरू होगा। यह जिम्मेदारी एक बार फिर दिल्ली के सुशील वशिष्ठ संभालेंगे, जो वर्ष 2017 से निःशुल्क रूप से महाकाल मंदिर में चांदी की सफाई सेवा दे रहे हैं। वे 31 जनवरी को छह सदस्यीय टीम के साथ उज्जैन पहुंचेंगे और 1 से 4 फरवरी के बीच सफाई कार्य पूरा करेंगे।

मुखौटों की तैयारी भी शुरू - महाशिवरात्रि उत्सव के दौरान भगवान महाकाल को नौ दिनों तक सजाने के लिए विशेष मुखौटों का उपयोग किया जाएगा। इन नौ मुखौटों को तैयार करने में कलाकार जुट गए हैं। हर दिन भगवान का अलग श्रृंगार भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेगा।

10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं की उम्मीद - महाशिवरात्रि पर इस बार भी रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। अनुमान है कि केवल 15 फरवरी को ही 10 लाख से अधिक भक्त दर्शन के लिए आएंगे। 16 फरवरी को सेहरा दर्शन और भस्मारती के कारण सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ेगी। पिछले वर्षों में भी श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ी है। वर्ष 2025 में 10 लाख से अधिक, 2024 में 7 लाख से ज्यादा और 2023 में करीब 8 लाख भक्त महाकाल दर्शन को पहुंचे थे।

कोटितीर्थ कुंड की होगी सफाई - महाशिवरात्रि से पहले हर साल की तरह इस बार भी कोटितीर्थ कुंड की सफाई कराई जाएगी। कुंड को खाली करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार माघ पूर्णिमा (1 फरवरी) के बाद कुंड की सफाई और रंग-रोगन का कार्य प्रारंभ होगा।

महाशिवरात्रि उत्सव की प्रमुख तिथियां

7 फरवरी से- नौ दिवसीय उत्सव की शुरुआत।

1-4 फरवरी - गर्भगृह, चांदी द्वार और नंदी हाल की चांदी की सफाई।

15 फरवरी - महाशिवरात्रि, विशेष पूजन और भारी भीड़ की संभावना।

16 फरवरी - सेहरा दर्शन और दोपहर की भस्मारती के साथ समापन।

# चकरावदा टोल के पास लूटपाट करने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

## चाकू की नोक पर लूट थे 2 व्यक्तियों से 68 हजार और मोबाइल



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने 27 जनवरी की रात चाकू की नोक पर दो व्यक्तियों से लूटपाट को अंजाम देते हुए 68 हजार छीन लिए थे और मोबाइल भी झपट कर भाग निकले थे। पुलिस ने बदमाशों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है।

भेरूगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि चकरावदा टोल के आगे हुई 27 जनवरी की रात दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने चाकू की नोक पर चंदू खेड़ी स्थित रेस्टोरेंट में काम करने वाले रामेश्वर राठौर निवासी ग्राम तेली खेड़ा को लूट लिया था। बदमाशों ने रामेश्वर से 16 हजार 800 रुपए और मोबाइल छीन लिया था। कुछ देर बाद ही बदमाशों ने अजय पिता शंकरलाल प्रजापत, निवासी ग्राम झिरनिया का बैग झपटमारी कर छीन लिया जिसमें 50 हजार नगद, मोबाइल फोन, तथा अन्य कागजात रखे थे। दोनों के साथ हुई वारदात की शिकायत थाने पहुंची थी। इस दौरान एक बाइक का नंबर एमपी 13 डी एन 9866 सामने आया। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखें। जिसमें बदमाशी उज्जैन की ओर भागना सामने आये। बाइक नंबर और फुटेज के आधार पर 24 घंटे में पुलिस ने आकाश पिता शंकर परमार 21 वर्ष, निवासी चारधाम रोड, जयसिंहपुरा, प्रवीण उर्फ चीनू माली पिता हुकुम माली, 19 वर्ष, निवासी ग्राम भण्डारिया खाल, भैरवगढ़, योगराज उर्फ युवराज जाटवा पिता विक्रम जाटवा 19 वर्ष, निवासी गौंसा और मजहर उर्फ गोलू पिता अनीश अंसारी निवासी मदीना कॉलोनी, जुना सोमवारिया उज्जैन को गिरफ्तार कर लिया जिनकी निशानदेही पर लूट में प्रयुक्त दो बाइक और चाकू बरामद किया गया है। चारों बदमाशों से मोबाइल और बैंक की पासबुक भी जप्त की गई है। लूट की राशि बरामद नहीं होने पर शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी आरएस शक्तावत के अनुसार बदमाशों से जल्द ही लूट की राशि भी बरामद कर ली जाएगी। चारों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करने में उप निरीक्षक महेंद्रपाल सेंधव, शोभाराम किरार , सहायक उपनिरीक्षक कैलाश चौहान , प्रधान आरक्षक योगेंद्र मालवीय, आरक्षक नरेंद्र मकवाना की भूमिका रही है।

# कुष्ठ उन्मूलन दिवस व मद्य निषेध संकल्प दिवस मनाया गया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग द्वारा 30 जनवरी को कुष्ठ उन्मूलन दिवस व मद्य निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला स्तर पर जनजागृति रैली का आयोजन किया गया। रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली जिला चिकित्सालय चरक भवन से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से निकली। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मद्य निषेध संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। चरक भवन में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को मद्य निषेध की शपथ एवं संकल्प का दिलाकर मद्यपान के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया, आर.एम.ओ चिन्मय चिंचोलीकर, जिला तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ. शिव मेन्या, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनीता भिलवार, डॉ.यू.पी.एस. मालवीय, मेडिकल ऑफिसर डॉ. विजय मरमट, स्त्री रोग चिकित्सक डॉ. निधि जैन, अस्पताल प्रबंधक श्रीमती हिमांगी चौहान, सहायक अस्पताल प्रबंधक श्रीमती वर्षा चौहान, उप जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी श्री चरण सिंह मंडलोई, नर्सिंग ऑफिसर सुश्री ज्योति, सुश्री सोनिका एवं शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राओं सहित विभिन्न अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 30 जनवरी को विश्व कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस मनाया जाता है। कोई व्यक्ति जब शारीरिक रूप से कमजोर हो, उचित पोषण आहार प्राप्त न कर पा रहा हो, तो ऐसे में कुष्ठ रोगी के शरीर में बीमारियों से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। सीएमएचओ डॉ. पटेल ने बताया कि यह एक रोगाणु जनित रोग है। कुष्ठ रोग किसी पाप का फल नहीं है न कोई दैवीय प्रकोप है।

# दलालों के साथ हिरासत में आई भाग रही लुटेरी दुल्हन



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 10 दिन पहले मंदिर में रचाई गई शादी के बाद रात में दूल्हे को चकमा देकर लुटेरी दुल्हन भाग रही थी जिसे पकड़ा गया तो दो दलाल भी पुलिस की हिरासत में आ गए। लुटेरी दुल्हन का एक साथी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

भाटपचलाना थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम मसवड़िया में रहने वाले दिलीप पिता रणछोड़ 30 वर्ष का विवाह नहीं हो पा रहा था जिसके चलते उसने रिश्तेदारों से लड़की दिखाने की चर्चा की थी। इस दौरान ग्राम सरवाना खाचरोद में रहने वाले मुकेश जो दिलीप का जीजा लगता है उसने पायल नाम की युवती से रिश्ता करने की बात कही जो वर्तमान में भोपाल की निवासी होकर जबलपुर की रहने वाली है। दिलीप और उसके परिवार ने लड़की देखी लेकिन गरीब परिवार की बताकर 1.40 लाख रुपए देने के लिए कहा गया। दिलीप का परिवार ने 90 हजार रुपए देकर शादी करने की तैयारी शुरू कर दी और शेष राशि बाद में देने को कहा। 19 जनवरी को ग्राम गजनी खेड़ा चामुंडा माता मंदिर में दिलीप और पायल की शादी कराई गई। 10 दिन तक दुल्हन दिलीप के साथ रही लेकिन रात में चकमा देकर भाग निकली। दुल्हन के भागने की शिकायत पुलिस से की गई। मामला लुटेरी दुल्हन का होने पर पुलिस ने तत्काल तलाश शुरू की और पायल को खोज निकाला जिसे हिरासत में लेकर उसके गिरोह में शामिल मुकेश को भी गिरफ्तार किया गया है। वही एक अन्य साथी जुनैद उर्फ अमन निवासी राजस्थान को भोपाल से गिरफ्तार कर लाया गया। थाना प्रभारी सत्येंद्र चौधरी ने बताया कि लुटेरी दुल्हन गिरोह का एक सदस्य लाखन फरार है जिसकी तलाश जारी है। हिरासत में आई लुटेरी दुल्हन और उसके दो दलालों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

# 2x2 स्लीपर बसों पर रोक से टूरिस्ट बस ऑपरेटर भड़के, 100 बसें खड़ी कर जताया विरोध

## आरटीओ के फैसले से उज्जैन सहित प्रदेशभर में संकट, धार्मिक यात्राओं और शादी सीजन पर पड़ेगा असर



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सरकार द्वारा 2म2 स्लीपर कोच बसों पर अचानक रोक लगाए जाने से टूरिस्ट बस ऑपरेटरों में भारी नाराजगी है। इस फैसले के विरोध में टूरिस्ट बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने बीते दिन सामाजिक न्याय परिसर में 100 से अधिक बसें खड़ी कर प्रदर्शन किया। ऑपरेटरों का कहना है कि जिन बसों को आरटीओ ने खुद जांच कर फिटनेस और परमिट दिए, उन्हें अब अवैध बताना पूरी तरह गलत है।


बस संचालकों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्लीपर बसों के नियम वर्ष 2019 से लागू हैं। इसके बावजूद आरटीओ ने इन्हीं नियमों के तहत बसों की जांच कर फिटनेस पास की और पंजीयन किया। अब अचानक सभी बसों को अनफिट बताकर बंद कर देना हजारों लोगों के रोजगार पर सीधा हमला है।

839 बसें ब्लॉक, करोड़ों का नुकसान- टूरिस्ट बस ऑपरेटर एसोसिएशन इंदौर के अध्यक्ष अनिल भावसार ने बताया कि उज्जैन जिले में कुल 839 स्लीपर बसें हैं, जिन्हें आरटीओ ने एकाएक ब्लॉक कर दिया है। अगर आरटीओ के नए निर्देश के अनुसार बसों को 2म1 सीटिंग में बदला जाता है तो एक बस पर 7 से 10 लाख रुपए तक का खर्च आएगा। साथ ही इस प्रक्रिया में करीब एक साल का समय लग सकता है। प्रदेशभर में करीब 8 हजार ऐसी बसें हैं, जिन पर इस निर्णय का असर पड़ेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि जो बसें छह साल से सड़कों पर चल रही हैं और जिनका रजिस्ट्रेशन 28 दिसंबर 2025 तक वैध है, वे अचानक अनफिट कैसे हो गईं।

धार्मिक यात्राएं और शादियां होंगी प्रभावित- बस ऑपरेटरों ने बताया कि बिना पूर्व सूचना स्लीपर बसों को बंद करने से आगामी धार्मिक यात्राओं और शादी-विवाह के सीजन में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पहले से बुकिंग करा चुके यात्रियों के सामने आवागमन का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस कार्रवाई से सिर्फ बस मालिक ही नहीं, बल्कि ड्राइवर, क्लीनर, टूर गाइड, एजेंट और धार्मिक यात्राओं से जुड़े छोटे व्यापारियों की रोजी-रोटी भी खतरे में पड़ गई है।

# 17 साल के जिमनास्ट उजेर अली का सपना अधूरा, ओलंपिक की चाह लिए दुनिया को कहा अलविदा

## कोलकाता में अभ्यास के दौरान गंभीर चोट, इलाज के बीच मौत; उज्जैन में नम आंखों से हुआ सुपुर्द-ए-खाक



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एलपी भार्गव मार्ग स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में रहने वाले 17 वर्षीय होनहार जिमनास्ट उजेर अली की पार्थिव देह शुक्रवार सुबह उज्जैन पहुंची। दोपहर में नमाज के बाद मौलाना मौज कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उजेर की बुधवार शाम इलाज के दौरान कोलकाता में मौत हो गई थी। खेल अधिकारियों के असहयोग के चलते पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने में करीब 25 घंटे लग गए, जिससे परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

उजेर अली 69वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 11 जनवरी को मध्यप्रदेश की टीम के साथ कोलकाता गए थे। 16 जनवरी को प्रतियोगिता से पहले अभ्यास के दौरान डबल जंप करते समय संतुलन बिगड़ गया और उनकी गर्दन की हड्डी टूट गई। हादसे के बाद टीम के कोच और मैनेजर ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद टीम के अन्य खिलाड़ी वापस लौट आए।

परिजन पहुंचे तो शुरू हुई जटिलताएं - 17 जनवरी को उजेर के परिजन कोलकाता पहुंचे। डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताई और दो बड़े ऑपरेशन किए गए, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हो सका।

बुधवार को इलाज के दौरान उजेर ने दम तोड़ दिया। उजेर के मामा आकिब अली ने बताया कि मध्यप्रदेश से गए खेल दल के सदस्य पहले ही लौट चुके थे, जिससे कागजी कार्रवाई में देरी हुई और पोस्टमार्टम 25 घंटे बाद हो पाया।

उज्जैन में पसरा मातम - शुक्रवार सुबह उजेर की पार्थिव देह फ्लाइट से कोलकाता से इंदौर लाई गई, इसके बाद सड़क मार्ग से उज्जैन पहुंची। जैसे ही शव घर पहुंचा, क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने एक होनहार खिलाड़ी के असमय चले जाने पर गहरा दुख जताया।

ओलंपिक खेलने का था सपना- उजेर अली स्टडी होम स्कूल के छात्र थे और एलपी भार्गव मार्ग पर ही परिवार के साथ रहते थे। उन्होंने जिमनास्टिक में राज्य स्तर पर कई पदक जीते और दो बार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। उनका सपना देश के लिए ओलंपिक खेलना था। पिता मजहर अली मजदूरी कर बेटे के सपनों को पूरा करने में जुटे रहे। जुनून और मेहनत की मिसाल उजेर खेलते हुए ही दुनिया से विदा हो गए।

उजेर की मौत ने न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे खेल जगत को झकझोर कर रख दिया है। अब सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या खिलाड़ियों की सुरक्षा और हादसों के बाद की जिम्मेदारियों को लेकर व्यवस्था और अधिक संवेदनशील नहीं होनी चाहिए।

# सुबह बादल छंटे तो न्यूनतम तापमान गिर गया, मौसम साफ होने के बावजूद मावठे की संभावना बरकरार

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जनवरी माह आखिरी हफ्ता चल रहा है और ठंडी हवाओं का दौर रह-रहकर जारी है। इसी बीच एक दिन पहले घना कोहरा और बादल छाए रहे और कड़ाके की ठंड का लोगों को एहसास हुआ। शुक्रवार सुबह हालांकि धूप निकल आई थी इस बीच न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले गुरुवार सुबह मौसम बदल गया था और 9 बजे तक कोहरा छाया हुआ था। आसमान भी बादलों से घिरा हुआ था। इस बीच शुक्रवार सुबह से मौसम साफ हुआ और धूप निकल आई। वेधशाला से मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह उज्जैन में न्यूनतम तापमान कल के मुकाबले 1 डिग्री गिरकर 11 डिग्री पर आ गया। वहीं मौसम में नमी 89 प्रतिशत से घटकर 77 प्रतिशत पर आ गई थी। कल अधिकतम तापमान भी 23 डिग्री रहा। इस कारण आज सुबह ठंड बढ़ गई थी। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अभी भी अगले एक दो दिन में मावठा गिर सकता है।

# बैलून बेचने वाली बालिका को ई-स्कूटी सवारो ने कुचला

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बैलून बेचने वाली बालिका को ई-स्कूटी सवारो ने कुचल दिया। बालिका की बहन ने उन्हें रोक लिया और अस्पताल लेकर चलने की बात कही। स्कूटी सवार अस्पताल तक लेकर पहुंचे लेकिन गेट पर ही छोड़कर भाग निकले। घटिया तहसील के ग्राम ढाबला रेहवारी में रहने वाली सोना पिता राजेश 9 साल अपनी बहन नंदिनी और परिवार के साथ फ्रीगंज क्षेत्र में टावर चौपाटी और शिव मंदिर के आसपास बैलून बेचने का काम करती है।

गुरुवार देर शाम वह शिव मंदिर के यहां बैलून बेच रही थी उसी दौरान ई-स्कूटी पर सवार पर तीन युवक तेज गति से आए और सोना को कुचल दिया। बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई लोगों ने स्कूटी सवार युवकों को रोक लिया। बहन नंदिनी भी पास में ही बैलून बेच रही थी, उसने युवकों से अस्पताल लेकर चलने को कहा, युवक चरक अस्पताल तक लेकर पहुंचे लेकिन घायल बालिका को गेट पर ही छोड़कर भाग निकले। बालिका के पैर में फैक्चर हुआ है जिसे डॉक्टर ने उपचार के लिए भर्ती किया। वही मामले की शिकायत माधव नगर थाना पुलिस से की गई है। पुलिस स्कूटी सवारी युवकों की तलाश कर रही है जो नाबालिग होना बताई जा रहे हैं।

# युवक पर तीन बदमाशों ने किया चाकू पत्थर से हमला

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिन में रास्ता रोक बदमाश द्वारा की गई गाली गलौज की शिकायत युवक ने भाई से की। रात में भाई गाली गलौज करने वाले बदमाश को समझाने पहुंचा, बदमाश ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर चाकू और पत्थर से हमला कर दिया। जबरन कॉलोनी में रहने वाला विजय पिता सीताराम सूर्यवंशी तंदूर भट्टी का काम करता है। गुरुवार दोपहर वह इमली पुरा से गुजर रहा था इस दौरान बदमाश ने उसे रोका और गाली गलौज कर क्षेत्र में नहीं आने की धमकी दी। विजय घर लौट आया और शाम को भाई अजय से घटना को लेकर चर्चा की। दोनों भाई इमली पुरा पहुंचे और धमकी देने वाले बदमाश शंका को तलाश कर उसे समझाने की कोशिश करने लगे। तभी बदमाश ने अपने दो साथी दीपक और गोलू को भी बुला लिया तीनों ने मिलकर ईट और चाकू से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। चाकू लगने पर विजय घायल हुआ है वहीं भाई अजय को पत्थर बाजी में चोट लगी है। विजय को अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं अजय का प्राथमिक उपचार किया गया। मामले में पुलिस ने दोनों भाइयों के बयान दर्ज कर हमला करने वाले तीनों बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किया है।

# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला पति गिरफ्तार



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवासगेट बस स्टेंड परिसर में 49 दिन पहले जहरीला पदार्थ खाकर मौत को गले लगाने वाली महिला के मामले में पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया है। जिसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

देवासगेट थाना एसआई राधेश्याम आवंलिया ने बताया कि 10 दिसंबर 2025 को देवासगेट बस स्टेंड परिसर में कोमल पति मुकेश पारदी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसे चरक अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया और जांच शुरू की गई। इस दौरान सामने आया कि कोमल अपने पति और तीन बच्चों के साथ नजरअली मिल कम्पाउंड में बनी झोपडी में रहती थी। उसका विवाह 15 साल पहले देपालपुर के ग्राम खड़ी में रहने वाले मुकेश से हुआ था। मुकेश शराब पीने का आदी था और आये दिन पत्नी कोमल को रूपयों के लिये प्रताड़ित करता था। उसके द्वारा मारपीट की जाती थी। जिसके चलते कोमल काफी प्रताड़ित हो गई थी। जांच के बाद पति के खिलाफ प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिये प्रेरित करने का मामला दर्ज किया गया। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास करने पर वह फरार होना सामने आया था। उसकी लगातार तलाश की जा रही थी। गुरूवार सुबह पता चला कि मुकेश पारदी इंदौरगेट क्षेत्र में घूम रहा है, तत्काल उसकी गिरफ्तारी के लिये घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया गया। पत्नी की मौत के बाद से वह अलग-अलग शहर के पारदी डेरों में रह रहा था। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत छात्राओं ने नृत्य नाटिका, छात्रों ने प्रस्तुत की गीत नाटिका




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शालिग्राम तोमर उमावि दौलतगंज में प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को समारोहपूर्वक पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद डॉ संदीप नाडकर्णी थे। अध्यक्षता प्राचार्य राजेंद्र पुरोहित ने की। समारोह में छात्राओं ने नृत्य नाटिका एवं छात्रों द्वारा शुभम सत्यप्रेमी के निर्देशन में गीत नाटिका प्रस्तुत की गई। पहली कक्षा के एक बच्चे और खुशी ने मलखंभ का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। प्राचार्य श्री पुरोहित ने अपने अभिनव विद्यालय जो जिले ही नहीं संभाग में अनूठा है के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल में 100 कंप्यूटरों की लैब है जहां अध्ययन के साथ ही डिजिटल मूल्यांकन भी किया जाता है। स्कूल की आईसीटी लैब में मिडिल के विद्यार्थियों को नियमित कंप्यूटर ट्रेनिंग दी जाती है। बजाय ब्लैकबोर्ड चॉक के पीपीटी माध्यम से स्मार्ट क्लासेस में अध्ययन अध्यापन करवाया जाता है। स्कूल में वॉलीबॉल के इंटरनेशनल स्तर के सुसज्जित ग्राउंड के साथ ही जिला योग केंद्र स्थापित है जिसमें नियमित योगाभ्यास करवाया जाता है। हायर सेकंडरी में एआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नियमित कक्षाएं लगती हैं विद्यार्थी न सिर्फ एक्टिव मॉडल बनाकर नित नए प्रयोग करते रहते हैं। प्राचार्य एवं स्टाफ ने अतिथियों को सभी प्रयोगशालाओं का अवलोकन करवाते हुए बताया कि स्कूल का अपना एएफए रेडियो स्टेशन है जो विद्यार्थियों द्वारा संचालित है स्कूल की हस्तलिखित पत्रिका विद्यार्थियों द्वारा तैयार की जाती है। हर कक्षा में आरओ का पानी उपलब्ध है। स्कूल की समृद्ध लाइब्रेरी के साथ ई लाइब्रेरी भी है जिसमें 4500 किताबें डाउनलोड हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ नाडकर्णी ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास में प्राचार्य, स्टाफ और विद्यार्थियों के अभिनव प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए सभी के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की। मुख्य अतिथि श्री जोशी जो 50 साल पहले इसी विद्यालय के छात्र रहे, ने अपने तत्कालीन गुरुजनों खासकर हिंदी के श्री सुखदेवप्रसाद ठाकुर एवं आरसी उपाध्याय का स्मरण करते हुए बताया कि उनके द्वारा भी पढ़ाई गई हिन्दी ने ही इस योग्य बनाया कि चार अक्षर लिख पढ़ सकें।

अतिथियों द्वारा खेलो एमपी में मलखंभ प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल विजेता खुशी जायसवाल, लाठी प्रतियोगिता में सिल्वर जीतने वाली लक्ष्मी प्रजापत, कालिदास समारोह में 5000/ से पुरस्कृत राहिन खान तथा शासन से लैपटॉप एवं स्कूटी प्राप्त करने वाले सहित सभी प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मनीषा राठौड़ एवं साक्षी भवालकर ने और कृतज्ञता ज्ञापन अनीता सोलंकी ने किया। इस अवसर पर स्वीटी शर्मा, ममता शर्मा, हेमा चंदन, पल्लवी मैवाल, सीमा ओरा सहित बाकी स्टाफ और सैकड़ों विद्यार्थी अनुशासित रूप से उपस्थित रहे।